# ईजाबेल का धर्म

आइए हम कुछ क्षण के लिए खड़े रहें, जबकि हम परमेश्वर को धन्यवाद चढ़ाते हैं। आइये हम अपने सिरों को झुकाये।

अनुग्रहकारी और पवित्र पिता परमेश्वर, हम बहुत ही आनंदित हैं कि आप एक—एक परमेश्वर हैं, और परेशानी के समय आप एक उपस्थित सहायता हैं। आपने जो हमारे लिए किया उसके लिए हम आपके धन्यवादित हैं। हम इसे अपने ह्रदयो से प्रगट नहीं कर सकते, कि हम इसकी कितनी सराहना करे, और कैसे आप हमारे बचाव के लिए आए जब हम संकट में हैं। हमने वर्षों में होते हुए सीखा, कि आप पर भरोसा और आपका विश्वास करें।

प्रभु मैं इस दोपहर बाद, प्रार्थना करता हूं, कि आप अपनी आशीषे लोगों पर उंडेलेगे। जब यह सेवा समाप्त हो तो होने पाए हमारे मध्य में एक व्यक्ति भी दुर्बल ना हो। यदि यहां कोई ऐसा होगा जो परमेश्वर के साथ सही नहीं है, वो सामर्थ जिसने यीशु को कब्र से उठाया, उनकी मरणहार देह को जीवित कर दे, प्रभु, और उनके प्राणो को, और उन्हें आपकी ओर घुमा दे। प्रभु, इसे प्रदान करें। वे जो बिना पवित्र आत्मा के है, होने पाए यह उनके लिए एक महान दिन हो जिसे वे कभी ना भूल पायेंगे, क्योंकि सम्भव है यह दिन हो कि परमेश्वर अपना आत्मा उन पर उण्डेले। प्रभु, इसे प्रदान करें। हमारे पापों को क्षमा करें।

हम प्रार्थना करते है कि आप भाई सुलिवन को आशीषित करेंगे, हमारा अनुग्रहकारी और मूल्यवान मित्र, और उसके विचार लोगो के लिए, और उन्हें हर संभव प्रयत्न से लाने का यत्न करना, ताकि वह उनकी सहायता के लिए सहायता कर सके। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप भाई सुलिवन को आशीषित करेंगे।

समस्त राष्ट्र में सेवको को आशीषित करे, हर स्थान में। प्रभु, उन्हें बहुतायत से भरपूर करे। होने पाए वे बहादुरी के साथ प्रचार मंच पर खड़े हों और परमेश्वर का वचन उद्घोषित करें, क्योंकि हम इस संसार के इतिहास के अन्त में रह रहे हैं। इन समयों में तेरी भलाई हम पर बनी रहे। क्योंकि हम यह यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

बैठ सकते है।

मैं आप लोगों और परमेश्वर का इस के लिए बहुत आभारी हूं। भाई सुलिवन ने इसे स्वयं अपने ऊपर लिया है। आप देखिए, भाई सुलिवन के लिए यह करना ठीक होगा, इसलिए हम इसके लिए तैयार थे। इस कृपा के लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं।

2 और, अब, उस—उस प्रेम के भेंट के लिए, यह... आपको यह नहीं करना था। नहीं, यह आवश्यक नहीं था। देखिए, बस... उन्होंने खर्चो का भुगतान करते हैं, होटल और खाना, जो हमारा था, और यह ही सब आवश्यक था। परन्तु आपका धन्यवाद, बहुत ही कृपा, और यह मिशनरियो की सहायता के लिए जाएगा और लोगों को परमेश्वर के पास लाएगा। इससे कोई सिगरेट या कोई शराब, कोई गलत चीज नहीं खरीदी जाएगी, यह सही चीज के लिए जाएगा। और मैं प्रार्थना करता हूं कि परमेश्वर इसे वहां आपके खाते में डालेगा, और इसे दस हजार गुणा करेगा, हर डॉलर को, या—या पाई को, या पैसे को जो आपने इस सेवकाई के लिए दिया है।

3 और, अब, मैं संयुक्त राज्य कि सेना को धन्यवाद देना चाहता हूं कि हमें यह भवन बैठने के लिए दिया कि, इन सभाओं को कर सके। निश्चय ही मैं उनका पूर्ण ह्रदय से धन्यवाद करता हूं।

4 और जैसा कि मैं समझता हूं, भाई सुलिवन ने कहा है कि सब चीजो का भुगतान कर दिया जाएगा। हमने अभी तक किसी नगर को तब तक नहीं छोड़ा, कि हम पर एक पैसा भी उधार हो, परन्तु हर बात का ध्यान रखा गया था; हम बस किसी चीज में विश्वास नहीं करते। आपको किसी का कर्जदार नहीं होना चाहिए, आपको साफ और सीधा होना चाहिए। और यदि आपके ऊपर किसी का कर्ज है, जाकर उससे कहे और बताएं कि आप उसके देनदार हैं, बस थोडा समय दे, और आप उसका भुगतान कर देंगे। समझे? सदा यही, अच्छा है... यह मसीहत की सही निशानी है: ईमानदार, साफ।

5 जो आप बात करते है, आप वैसे ही रहना चाहते हैं। यदि आप ही इसे नहीं जीते, तो आप किसी और से क्या आशा करते है कि वह जीए, आप समझे। आप लिखित पत्रियां है, जो सब मनुष्यो के द्वारा पढ़ी जाती है, इसलिए सदा ईमानदार, सही और सच्चे रहे। सच बात कहे, कोई मतलब नहीं किसी को कितना कष्ट होता है। जो भी हो, सत्य बोले, क्योंकि हर

बार आप उसको वैसा ही बता सकते हैं। और यदि आप झूठ बोलते हैं, तो आपको लाखों मील का चक्कर देना पड़ेगा, और फिर भी आपको उसी झूठ पर आना पड़ेगा; और आप एक भयानक चीज बना देगे। बस ईमानदार रहे, और आप इसे सदा एक ही प्रकार से बता सकते हैं क्योंकि यह सत्य है।

6 बाईबल के साथ भी यही है। वैसे ही बताएं जैसा बाईबल कहती है, इसके साथ कोई समझौता ना करे, वैसा ही कहे जैसा है, ठीक... जैसा यहाँ पर लिखा हुआ है और—और आप अपनी उंगली उस पर रख सकते हैं। ये—ये... इसी प्रकार से आप शैतान को हराते हैं। शैतान ने यीशु से कहा, "यदि तू परमेश्वर का पुत्र है, तो आओ हम तुझे आश्चर्यकर्म करते देखें। वे कहते हैं कि तू 'एक आश्चर्यकर्म करने वाला' हैं। इन पत्थरों को रोटी में बदल दे, और आओ हम देखें। तू भूखा है।"

7 उसने कहा, "परन्तु यह लिखा है, मनुष्य केवल रोटी से ही जीवित नहीं रहेगा।" समझे? उसने पिता का वचन लेकर और शैतान को हरा दिया, ठीक उसी के अपने आधार पर। इसलिए आप भी यही कर सकते हैं, शैतान को उसी की बात पर हरा दे, प्रभु के वचन से।

8 फिर, मैं सदा भाई सुलिवन का आभारी रहूंगा। यह... इस अभिव्यक्ति को क्षमा करें: मैं समझता हूं जब उन्होंने भाई सुलिवन से यह करवाया तो उसने एक नमूना दिखाया। उसके समान कोई नहीं है। वहाँ केवल एक ही व्यक्ति है जिससे मैं कभी अपने जीवन में मिला हूं, जिसने मुझे भाई सुलिवन की याद दिलाई, वह भाई ई. हावर्ड कैडल थे। मैं नहीं जानता कि यह उसे जानता है या नहीं, उससे वो—वो... भाई कैडल एक पुराना गांव का लड़का था जैसे भाई सुलिवन। और वह अपने हाथों को अपनी जेबों में वहां तक डालता था जब तक कि गेलिस ना निकल जाए, और अपना मुंह एक ओर करके बात करता, और वह एक ही ई. हावर्ड कैडल था। और इसी प्रकार से मैं—मैं भाई सुलिवन को मित्र के समान पाकर आनन्दित हूं और सुसमाचार में एक भाई। और मैं प्रार्थना करता हूं कि परमेश्वर उसे आशीषित करेगा और वहां उसकी छोटी कलीसिया को, उसकी मूल्यवान पत्नी, और उसके प्रियजन।

9 और आप लोग, दूसरे सेवक जो यहां पर है, आपको और आपकी भक्त मण्डली, सम्पूर्ण सुसमाचार प्रचारक, वचन की कुछ तकनीकी चीजों पर हम एक दूसरे से सहमत ना हो। बहुत सी चीजों में मैं अपनी पत्नी से सहमत

नही। और आप जानते हैं वह क्या है? वह सेब की कचौड़ी और मैं चेरी की कचौड़ी पसंद करता हूं, इस प्रकार से हम असहमत हैं। और मैं आपको बताता हूं मैं स्वयं क्या करता हूं: मैं अच्छी गर्म चेरी पसन्द करता हूं (मैं इसे अभी तैयार करता हूं) और उसके ऊपर मक्खन डाल कर, और फिर उसके ऊपर राब डाल कर; और, भाई, आपके पास खाने के लिए कुछ अच्छा है! मेरी पत्नी इससे डरती है। मैं सोचता हूं कि वह इसकी कैलोरी से डरती है। वह इसे पसंद कर सकती है, परन्तु आप जानते हैं महिलाए कैसी होती हैं, वे डरती हैं... वे इतनी पतली हो जाती हैं कि आप उन्हें एक पिन से चिपका दे और हड्डी तक काट दे, और फिर भी और वे—वे पतला होना चाहती हैं। यही उनका स्वभाव है, मैं समझता हूं, इसलिए वे... और, परन्तु मैं इसे पसंद करता है। अब, हम इस पर असहमत हैं, दूसरी बातें हम ठीक हैं। परन्तु, आप देखिए, हम पूर्ण सिद्धता में सहमत नहीं हैं। इसलिए भाईयो, हम यही चीजे देखते है, परन्तु विशेष बात, हम कचौड़ी खाते हैं, यह विशेष बात है।

10 सिद्धान्त रूप में, पवित्र आत्मा के बपतिस्मे पर, और मसीह के आगमन पर, और महान सुसमाचार को फ़ैलाने बाईबल की आधारभूत शिक्षायें निश्चय ही, हम उसके लिए हाथ में हाथ डाल कर खड़े होते हैं। एक महान मिले हुए भाइयों के समान, बिना नामधारी रूकावटो के, बिना किसी बात की रुकावट के, हम कलवरी की ओर एक महान सेना के समान एक साथ मिल कर बढ़ रहे है।

11 यदि मैं कभी आपकी कोई सहायता कर सकता हूं, तो करने में मुझे आनन्द मिलेगा। और मुझे निश्चय है कि आप मुझसे भी यही कहेंगे। और आप मेरे लिए सहायता हो सकते हैं। और आप एक चीज कर सकते हैं, जो मैं जानता हूं, कि मेरे लिए प्रार्थना करे, कि परमेश्वर मुझे कभी भी गलत नहीं जाने देगा। मैं—मैं—मैं... मेरे ह्रदय में गलत जाने की इच्छा नहीं है, मैं—मैं ठीक जाना चाहता हूं, मैं वही करना चाहता हूं जो सही है। क्योंकि मैं अनुभव करता हूं, कि जैसा भाई जैक मूर ने मुझे एक बार बताया था, उसने कहा, “भाई ब्रन्हम, मैं आपके सारे अनुभवो के लिए आपकी जगह खड़ा नही रहूंगा, न्याय के दिन पर, क्योंकि परमेश्वर आपसे एक बड़े उत्तर के लिए पूछेगा,” कहा, “क्योंकि उसने आपके हाथों में लाखों लोगों को दिया है।”

12 अब, यदि मुझे मालूम हो कि मुझे वहां खड़ा होना है और उन लोगों के लिए उत्तर देना है, तो फिर मेरे पास किस प्रकार का सुसमाचार प्रचार करने को है? किस प्रकार की ईमानदारी, जब कि उसके लहू के खरीद, मेरे हाथों में है? और जैसा कि उसने मुझे एक वरदान दिया है कि... बिना किसी शंका के, कोई भी समझदार व्यक्ति जान जाएगा कि यह तो परमेश्वर की ही ओर से आया है। और इसके द्वारा, यदि मैं किसी को गलत मार्ग पर मार्गदर्शन करूं, केवल इसलिए कि किसी विशेष समूह ने कहा, कि न्याय के दिन परमेश्वर मुझ से इसका भुगतान करवाएगा।

13 परन्तु अधिक समय नही हुआ कि मैंने दर्शन देखा, और उन लोगों को चिल्लाते हुए सुना... क्या आपने पिछली रात्री अपनी छोटी पुस्तक ली? वो—वो व्यपारियो वाली *वॉयस*। यह अच्छा है। और दर्शन में... हमे इसे कभी–कभी पूरी तरह से छापना है पूरे विवरण सहित; यही इसका सब कुछ नहीं है। परन्तु उसमें, और उसे देखते हुए, और मैं वहां खड़ा हुआ ठीक वैसे ही जैसे—जैसे मैं अब यहां खड़ा हूं। और मैं स्वयं को वहां पलंग पर पड़ा हुआ देख रहा था, अपनी पत्नी को देख रहा था, और फिर भी यहां खड़े हुए अपने आप को देख रहा था। और यहाँ चारों ओर वे लोग इस प्रकार से खड़े थे, जब मैंने कहा, “क्या पौलुस का भी जो उसने प्रचार किया न्याय होगा? ”

14 कहा, “हां।”

15 मैंने कहा, “तो मैंने ठीक वही वचन प्रचार किया है जैसे उसने किया।”

16 और लाखों चिल्ला उठे, “हम उसी पर विश्राम कर रहे हैं!”

17 जब मैं पार करूं तो मैं वैसा ही होना चाहता हूं, देखा। मैं उसी प्रकार होना चाहता हूं वैसा ही जैसा पौलुस ने कहा। इसमें एक भी चीज नहीं मिलाना चाहता, एक भी चीज इसमें से निकालना। ठीक वही जो बाईबल ने कहा, ठीक उसी रीति से मैं बढ़ते रहना चाहता हूं, देखा आपने। और निसन्देह, आप इसे वैसा ही रखते हैं, चारो ओर नामधारी गिर्जे इसके विरोध में एक बाधा खड़ी करेगे।

18 और तब, बहुत सी बार, भाई लोग सोचते हैं कि मैं भाइयों के विरोध में हूं। तो अन्तर क्या है परमेश्वर जानता है, जब तक वह जानता है कि सत्य क्या है। समझे? यह भाइयों के विरोध में नहीं, यह वह रीति जो हमें भाई बनने नही देती। यह परमेश्वर का वचन हमें भाई बनने से अलग नही

करता, यह वह रीति–रिवाज जिसके हम सदस्य हैं वह हमें भाई होने से अलग करता है। यह ठीक बात है। इसलिए, हमें कहाँ खड़ा होना चाहिए? वचन पर खड़े हो जाओ, और परमेश्वर सब लोगो को इसके पास खीचेगा (यह ठीक बात है) इस पर—पर। इसे कभी भी संगठित ना करें, इसे नामधारी गिर्जा करे, बस इसे परमेश्वर में बनाए रखे, और बस आगे बढ़ते रहे; बस अंत को देखते रहे, कस कर पकड़े रहे, बाकी इसे परमेश्वर ले आएगा।

19 बहुत सी चीजें जो आपने मेरे लिए की हैं, और मैं इसकी सराहना करता हूं। अब यदि मैं आपकी सहायता कर सकूं, प्रार्थना के कपड़े या कुछ और देने के द्वारा। अब, मुझसे शिक्षा ना पूछे, क्योंकि मैं—मैं ऐसा करने की इच्छा नहीं करता। बहुत से लोग मुझे विवाह और तलाक और आदि के विषय में प्रश्नो को लिखते हैं, जो कि कलीसिया में उलझन है। मैं सदा उसका उल्लेख दोहराता हूं, और कहता हूं, "अपने पास्टर से पूछो।"

20 लोगों ने यहां मुझे चिठ्ठी लिखी और कहते है, "*इस* विषय में क्या है? और *इस* विषय में क्या है?" मैंने फिर पत्र का उल्लेख किया, आप समझ जायेंगे। इन छोटी–छोटी बातों के लिए अपने पास्टर से मिले कुछ भी है, वह आपका चरवाहा है। देखिए वह—वह वही वह—वह एक है जिसे परमेश्वर ने आपकी देख–रेख के लिए भेजा है। और हम इस पर असहमत हो सकते हैं, और फिर इससे आपकी कलीसिया में भ्रम का कारण हो। हम यह नहीं चाहते। नहीं! नहीं! हम बस यह चाहते हैं कि आप पाप वाली बातें छोड़ दे, वह बातें जो बाईबल से बाहर की हैं, और केवल परमेश्वर की ओर बढ़ते जाए। समझे? और यदि कोई छोटे–छोटे मतभेद का कारण हो, और इस प्रकार की बात जिससे कलीसिया गडबड हो। इसलिए, मैं बल्की चाहूंगा कि आपका पास्टर आपको विवाह और तलाक के विषय में बताये, और *यह* बातें और *वे* बातें, यह उसे करने दे। वह भी परमेश्वर का जन है, और यदि वह इसे करने में सक्षम है।

21 स्मरण रखे अच्छा सामरी जिसे वह घायल व्यक्ति मिला? वह उसे सराय में लाया (यह कलीसिया है) और वहां उस पुरुष को दो दिनार दिए, और उसे बताया यदि उसे और आवश्यकता हो तो जब वह आएगा तो भुगतान कर देगा। इसलिए, उसे दो दिनार दे दिए है, और वह तेरा उपचार कर देगा, यदि वह परमेश्वर का जन है। यदि वह परमेश्वर का जन है जो

परमेश्वर के वचन पर स्थिर है, उसके पास वही है जो परमेश्वर ने उसे दिया है: आत्मा और वचन। क्या यह ठीक है? यह कैसा है हमारी आराधना करने को? आत्मा *और* सच्चाई में। और वचन सत्य है। क्या यह ठीक बात है?

22 अब, फिर से, बहुत ही सहृदय से आपको धन्यवाद। और अब, मैं बहुत ही थका हुआ हूं, और इस दोपहर बाद बहुत ही थक गया हूं, जब तक मैं रहता हूं, मैं किसी और होटल में नहीं रुकुंगा। बड़ी शराब की दावते, और सारी रात, दरवाजे पीटते चिल्लाते, और स्त्रियां... ओह! मैं बस सारी रात बैठा रहा। बस। और इसलिए मैंने—मैंने कभी भी दूसरे होटल जाना ना चाहा। मैं मोटल यात्री निवास में जाऊंगा। मैं एक ट्रक लेने जा रहा हूं ताकि मैं उसमें सो सकूं कही, बाहर मैदान में। मैं इसे लेने जा रहा हूं, एक तंबू और एक सोने के लिए, झोलेनुमा बिस्तर या कहीं जहां मैं अपने आपे में आ सकूं, कहीं। यह ठीक बात है।

23 कोई आश्चर्य नही यह राष्ट्र इतना पाप से भरा है! यह खोखला, और अंन्त तक सड़ गया है। ठीक यहाँ दूसरे स्थान में, आपके प्रात: में... केवल यही प्रान्त नहीं, हर स्थान में। यहाँ, कुछ वर्षों पहले, मैं यहां इस प्रात: के बड़े नगर में, यहाँ एक—एक धार्मिक सभा में था। और उस रात्री एक धार्मिक झुण्ड, एक कट्टरवादी कलीसिया के, अपने नवयुवको की बेदारी सभा थी। मैं—मैं कभी नहीं... मैं वूडू जाति के संग अफ्रीका में था और आदि–आदि, मैंने इस प्रकार कभी नहीं सुना। और अगली प्रात:, (मैं आपको ठीक–ठीक नहीं बता सकता, हम मिले–जुले श्रोतागण हैं)... फर्श पर पड़े हुए थे, अनैतिक चीजें जो की गई थी, हर कहीं शराब की बोतलें। और वे नवयुवक बच्चे, लड़के और लड़कियां सारी रात्री एक ही कमरे में, एक संग। और अगली प्रात:, वह “पवित्र पिता” वहां बैठा हुआ था, और वे आए और उसके सामने *इस* प्रकार से झुके। यीशु मसीह के नाम के नीचे!

24 क्या मैं पागल हो गया हूं? मेरे साथ क्या—क्या बात है? मैं इन चीजों को बर्दाश्त नहीं कर सकता! यह... कोई तो चीज मुझे हिला कर टुकड़े–टुकड़े कर देती है जब मैं यह देखता हूं। क्या यह मेरे प्रभु यीशु का प्रतिनिधित्व करती है? एक शराबी दावत, उन अनैतिक चीजो के साथ... वह फर्श पर पड़ी थी उन नवयुवक पुरुषों और स्त्रियों के द्वारा प्रयोग की गयी, और उस कूड़ेदान में, और बोतलें फर्श पर पड़ा हुई थी और... ओह,

मेरे प्रभु! क्या आप इसे मसीहत कह सकते हैं? कोई आश्चर्य नहीं संसार पापमय अवस्था में है। अच्छा, वह पापी क्या कहता है, जब वह इसे देखता है? उनमें से हजारों।

25 वे युवा लड़कियों ने इतनी पी रखी थी कि बड़ी कठिनाई से खड़ी भी नहीं हो सक रही थी, और सारी रात उन लड़कों के साथ कमरे में थी, और इतनी भद्दी गंदी बातें जो आपने अपने जीवन में कभी नही सुनी होगी। मैंने तकिये को अपने सिर पर *इस* प्रकार से रख लिया, सोने का यत्न किया। वहां विभिन्न तलो में, पीए हुए, और ऊपर और नीचे इस प्रकार से, वे धर्मी भागते फिर रहे थे!

26 अब, मैं इस प्रकार के पापी लोगों से आशा करता हूं, जो स्वयं को खेलने कूदने वाला कहते हैं, बाहर यहाँ गेंद फेंकना। मेरे बालको में से एक गलियारे में गेंद फेंकना आरंभ करेगा, मैं उसे गांव से बाहर निकाल दूंगा। उह–हुंह। इसे खेल कहते है, यह खेल नहीं है। यह क्या है... यदि आप ठीक होना चाहते हैं, तो परमेश्वर के साथ ठीक हो जाये। सच है।

27 मैं बाईबल में से आपके लिए कुछ वचन पढ़ना चाहता हूं। आप इन कुछ शब्दों को पाते हैं जो मैं यहां मूल पाठ के लिए पढ़ना चाहता हूं, जो कि पहले राजा के 17वें अध्याय के पहले पद में मिलता है।

> *... इस्राएल का परमेश्वर यहोवा जिसके सम्मुख मैं उपस्थित रहता हूं, उसके जीवन की शपथ* इन *वर्षों में मेरे बिना कहे, ना तो मेह बरसेगा, और न ओस पड़ेगी।*

पहला राजा, 1ला अध्या–... 17वां अध्याय, 1ला पद।

28 यदि किसी भी समय मैं आपको प्रार्थना का कपड़ा भेज सकता हूं, तो केवल मुझे लिखे; मेरा सचिव यहाँ, जो यहां पर उपस्थित है, भाई मगुइरे। हमसे कितनों ने प्रार्थना के कपड़े प्राप्त किए है? आइए आपके हाथ देखें। भाई जिम खड़े हो जाये। मैं उन्हें देखना चाहता हूं... आपको और आपकी पत्नी को भी। यहां मेरा सचिव और उसकी पत्नी है, वे जो काम करते हैं, जिसने भेजा... यह वह लड़का और लड़की है जो सभा से आपको आपका प्रार्थना का कपड़ा भेजते है, दोनों समर्पित मसीही है। और वह आवाज, वह मीठी प्यारी आवाज जिसे जब आप मुझे फोन करते हैं तो सुनते हैं, वह वहां छोटी महिला बैठी है, उसकी पत्नी। उसका पिता और माता, और वे, आज यहां हमारे साथ हैं; और—और प्रिय जन, आस पास। इसलिए...

और फिर आप मेरे कार्य क्षेत्र के सचिव को जानते हैं, श्री मर्सिएर, भाई लियो मर्सिएर, वह यही कहीं है, और भाई जीन गोआड। और इसलिए यदि हम आपको प्रार्थना का कपड़ा भेज सकते हैं, किसी भी समय, जो कुछ भी हम कर सकते हैं, फोन पर आपके लिए प्रार्थना कर सकते है; कुछ भी हम कर सकते हैं, हम इसे करेंगे।

29 यह अपरिचित दिखने वाला व्यक्ति हाथ में डंडी लिए हुए, उसके कदम सधे हुए, उसकी आंखें परमेश्वर की महिमा से चमकती हुई, उसकी दाढ़ी एक ओर उड़ रही है, एक पुरानी बालों वाली भेड़ की खाल अपने चारो ओर लपेटे हुए, उसके कदम इतने ही सधे हुए, जैसे कि वह सामरिया की राह पर जा रहा था। उसमें देखने योग्य कुछ ना था, परन्तु उसके पास इस्राएल के महान राष्ट्र के लिए **यहोवा यों कहता है** था। हां, एलिय्याह तिशबी, प्रभु का एक भविष्यवक्ता। उसमें देखने का कुछ नहीं था, परन्तु उसके पास प्रभु का वचन था।

30 वह राजा की उपस्थिति में खड़ा होने से नहीं डरता था, क्योंकि वह राजा से भी बड़े की उपस्थिति में था, वह यहोवा की उपस्थिति में था। इसलिए, वह जानता था कि वह कहां खड़ा था। और जब वह राजा के सामने आया वह ना तो तुतलाया और ना हकलाया, वह जानता था कि वह किस विषय में बात कर रहा था। वह राजा से कह सकता था, **"इस्राएल का परमेश्वर यहोवा यों कहता है,** 'जब तक मैं नहीं कहूंगा, तब तक ना तो वर्षा होगी और ना ओस पड़ेगी।'" उसने यह क्यों कहा, "जब तक मैं ना कहूं। *मेरे* वचन के अनुसार"? क्योंकि उसके पास प्रभु का वचन था, वह एक भविष्यवक्ता था, और भविष्यवक्ता के पास प्रभु का वचन होता है।

31 देखने में यह चौकाने वाली बात है पुराने नियम के इस्राएल और अब अमेरिका में समान्तर देखना। वे दोनों महान राष्ट्र थे। दोनों ही स्थापित किये गये थे, और उनके लोग वहां धार्मिक सताव के कारण आए।

32 इस्राएल फिरौन के द्वारा सताया गया था और सैकड़ों वर्षों तक बधुवाई में रहा, और उन्हें सच्चे और जीवित परमेश्वर की आराधना से वंचित रखा गया था, और उस सुविधा से वंचित रखा गया था; और वे बंधुआ हो गए थे। परन्तु परमेश्वर ने अपनी बाईबल में उन से प्रतिज्ञा की थी, या अपने वचन में, और अपने भविष्यवक्ताओं के द्वारा, कि वह उन्हें एक देश देगा। और वे इस देश में आयेंगे और उस देश के बसने वालों को बाहर निकाल

देगे, और अपने वारिसाने अधिकार को प्राप्त किया, क्योंकि यह करने के लिए परमेश्वर का एक उद्देश्य था।

33 और ऐसे ही यह हमारा महान राष्ट्र। हम यहां पर आए हैं, और प्लायमाउथ रॉक पर इस राष्ट्र की नींव पड़ी धर्म की स्वतंत्रता पर क्योंकि हमारे पूर्वज रोम से आधुनिक ईजाबेल तंत्र के सताव के कारण भागे थे, और यहां आए और बहुत सी बड़ी पीडाओ और बलिदान जो कि ईजाबेल के झूठे तंत्र में हुए उसमें स्थिर रहे। और बाईबल के अनुसार, प्रकाशितवाक्य का, 13वां अध्याय, परमेश्वर ने उनके लिए एक मरुद्यान की प्रतिज्ञा की थी, और एक स्थान, उस स्त्री के लिए जिसे जंगल में ले जाया गया, जहां एक समय तक पाली गयी, समय और समय का बटवारा था। परमेश्वर ने अमेरिका से प्रतिज्ञा की थी, या कलीसिया से (स्त्री से), कि इस देश में आए।

34 क्या आपने प्रकाशितवाक्य 13 पर ध्यान दिया? दूसरे सारे पशु समुद्र के जल में से निकले; प्रकाशितवाक्य 17:17 ने कहा, "जो पानी तू ने देखे वह भीड़ और बहुत से लोग है।" दूसरे सारे पशु, वे पानी से निकले, लोगों की भीड़ और लोग है। परन्तु जब संयुक्त राज्य आता है, "यह पृथ्वी पर से आता है जहां लोग नहीं है।" और स्मरण रखें, जब यह आता है, तो यह एक छोटे मेमने के समान दिखाई पड़ता है।

35 अब, इस मेमने के दो सींग हैं, और यह सरकारी और पुरोहित शक्ती है। परन्तु जब वे जुड़ गए, स्मरण रखें, तब वह मेमना अजगर के समान बोला जैसे उसके पहले बोला था; और वह अजगर रोम था।

36 जब वह अजगर स्त्री के सामने खड़ा हुआ कि जैसे ही वह बालक को जन्मे उसे खा जाए, लाल अजगर… इस्राएल स्त्री के सामने कौन खड़ा हुआ, कि उस बालक को खा जाए जैसे ही वह उसे जन्म दे, और सताव को भेजा और दो वर्ष से कम आयू के बालको को मार डाला? "रोम, वह अजगर, स्त्री के पास खड़ा हुआ कि जैसे ही वह बालक को जन्म दे उसे खा जाए।"

37 और तब, हम पाते हैं, यह राष्ट्र एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उभरा, और… एक मेमना था, जिसका अर्थ है परमेश्वर का मेमना। परन्तु, कुछ समय के पश्चात, यह वैसा ही तंत्र जो हमारे पास है, अजगर की नाई बोला और उस सारी शक्ती को उपयोग में लाया जो उसके पहले अजगर के पास थी।

38 वे ठीक एक दूसरे के समानांतर है, सिद्धता में। और स्मरण रखें जब ये... इस्राएल उठा और अपना राष्ट्र लिया और फिलिस्तीन, देश के बसने वालो को निकाल दिया और देश का अधिकारी हो गया। हम अंदर आए और इसे इन्डिन लोगों से ले लिया, उन्हें बाहर निकाल दिया और देश पर अधिकार कर लिया। इसके लिए परमेश्वर का उद्देश्य था। परमेश्वर संसार को दिखाने जा रहा था कि वह एक—एक थोड़े से लोगों के लिए क्या कर सकता था जो स्वतंत्रता चाहते थे, और धर्म की स्वतंत्रता, कि परमेश्वर की सेवा करे।

39 उन्होंने इस्राएल के लिए क्या किया? उसने इस्राएल को संसार का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बना दिया, और वह उसी स्थिति में रहेगा जब तक कि परमेश्वर की इच्छा से बाहर ना हो जाए। उसने अमेरिका के साथ क्या किया? उसने इसे संसार का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बना दिया जब तक कि वह परमेश्वर की इच्छा से बाहर ना हो जाए। ठीक एक दूसरे के समानांतर।

40 जब इस्राएल देश में आया, वे एक—एक महान लोग थे क्योंकि उनके पास एक महान अगुवाई थी। वहां उनमें परमेश्वर का भय मानने वाले लोग थे, जैसे कि दाऊद, सुलेमान राजा। सारा संसार उनसे डरा, और उन्होंने बिना युद्ध, बिना संकट का सौभाग्य प्राप्त किया, और परमेश्वर की सामर्थ के नीचे रहे, जब तक कि सारे संसार के जानने वाले उन्हें देखने नहीं आए। परमेश्वर ने उन्हें विचारो के परखने का वरदान दिया, यह सुलेमान में था। और दक्षिण की रानी वहां से... शीबा की रानी सहारा रेगिस्तान को पार कर के आयी (उसे तीन महीने लगे) केवल सुलेमान की बुद्धि की बातें सुनने के लिए। और जब उसने देखा सुलेमान आत्माओं को परख सकता है, और उसके ह्रदय को भी जांच सकता है, वह बोली, “मैंने जितना तेरे विषय में सुना था ठीक है, और उससे अधिक है।” उसने स्वीकार कर लिया कि वह सब परमेश्वर था।

41 और अमेरिका, हमारे पूर्वजों के आधार पर जो यहां धार्मिक स्वतंत्रता के लिए आए... उन दिनों में हमारे यहां धर्मी पुरुष, एक मार्ग दर्शक के रूप में थे: जॉर्ज वाशिंगटन, अब्राहम लिंकन, जाने माने चरित्र का व्यक्ति, परमेश्वर के जन। अमेरिका, अमेरिका था, उन दिनों में।

42 जॉर्ज वाशिंगटन, यहां घाटी फोर्ज को पार करने के पहले की डेलावेयर जाए, सारी रात प्रार्थना की, जब तक कि उसकी कमर ना भीग गयी,

बर्फ में घुटने टेके हुए था। और अगली प्रात: जब अमेरीकनो ने पार करना आरंभ किया, उनमें से केवल बीस प्रतिशत के पास पहनने के लिए जूते थे, अमेरीकन सेना। परन्तु उनका एक सिद्धांत था, उनके पास कुछ था जिनके लिए उन्हें लड़ना था। उन्होंने चिन्ता नहीं कि क्या होता है। किसान आकर रुक गए, अपना हल रोक कर और अपने बैल अलग किए, और अपनी बंदूक लेकर और जो भी स्वतंत्रता के लिए जानता था लड़ने के लिए चल दिया। और अगले दिन, मैं विश्वास करता हूं यह था चार या पांच गोलियों के छेद, बंदूक की गोली, उसके कोट और टोपी में हुए और बिलकुल भी उसे नहीं छुआ।

43 परमेश्वर के लोग, जिन्होंने इस राष्ट्र की नींव रखी, महान लोग! कोई आश्चर्य नहीं उन्होंने लिखा:

> हमारा राष्ट्र चमकता रहे
> स्वतंत्रता की पवित्र ज्योति के साथ,
> हमे अपनी सामर्थ में सुरक्षित रख,
> महान परमेश्वर, हमारे राजा!

44 कुछ समय पहले, मैं एक बूढ़े से कोरीडॉन इंडीयाना में बातें कर रहे था। उसने मुझे बताया जब राजधानी कोरीडॉन में थी, और कैसे वह... बताया कि कैसे वह बैलगाड़ी में उस—उस गवर्नर का भाषण सुनने गया था। और वह और गवर्नर केवल दो ही ऐसे थे जिनके पास दो भाग वाला सूट था। बताया वह भेड़े पाला करता और उनका ऊन कतरा करता था, और उनके ऊन धोता था, उसकी बहन बुना करती थी और उसके लिए एक कोट बनाया कि उसकी पेंटो के साथ मेल खाए। और वह बूढ़ा व्यक्ति वहां पर बैठा हुआ था, लगभग पचासी या नब्बे वर्ष आयु का था, अपनी दाढ़ी *इस* प्रकार खींची, और उसने कहा, "बिली, यह जब कि बात है जब *अमरीकी, अमरीकी* थे।"

45 मैंने बूढ़े व्यक्ति की ओर देखा, और मैंने सोचा, "लड़के, तुम, यहां बहुत से युवा विश्वास नहीं करेंगे, परन्तु आप सत्य बता रहे है।"

46 इस्राएल को इस भक्तिपूर्ण पृष्ठभूमिका के बाद क्या हुआ? वे लापरवाह होने लगे। वे उस स्थान पर आने लगे जहां उन्होंने, तो, उन्होंने चिन्ता नहीं की, कि क्या हुआ था। वे परमेश्वर की अपनी आराधना में ढीले पड़ने लगे, यद्यपि उनके पास धर्म का एक रूप रेखा था जैसे हमारे पास है। उनके

पास एक भक्ति पूर्ण रूप था। परन्तु वे अपने लोगों के संग स्वतंत्र होने लगे, और—और वे अपनी कलीसिया में विभिन्न विधर्मियों लाने लगे। बालाम की आराधना भी धीरे–धीरे अन्दर आने लगी, और इस्राएल सुख विलास के लिए पागल हो गया, शराब पीना, और इस प्रकार की बातें, और अंत में एक ऐसे अगुवा को ले आए जो परमेश्वर को नहीं जानता था; आहाब, जो अपने पिता के स्थान पर आया। और उसका पिता एक अभक्त मनुष्य था, धनी व्यक्ति, परंतु एक अभक्त व्यक्ति। और उसने वे सब पाप किए, उससे अधिक जो उससे पहले कभी नही हुए। परन्तु इस्राएल, अपने नशे की भाव शून्यता में, उन्होंने एक ऐसा व्यक्ति रखा, और उसे सिंहासन पर बैठाया कि उन पर शासक हो। उन्होंने सोचा कि यह ठीक है, जैसे कि आज बहुत से अमरीकन आज करते हैं, "वह एक अच्छा राजनीतिज्ञ है, तो इससे क्या अन्तर पड़ता है? इससे कोई अन्तर नहीं पड़ेगा, क्योंकि वह एक अच्छा राजनितिज्ञ है।"

47 बहुत से अमरीकनो ने, उनमें से बहुत सो ने अपना एक अमरीकन होते हुए, अपना जन्मसिद्ध अधिकार बेच दिया, और कहते है, "इससे क्या अन्तर पड़ता है, जब तक तुम सरकार से कुछ अतिरिक्त डॉलर प्राप्त करते हो और जीते हो? " वे पेट के लिए बिक गए, और अभिलाषाओं के लिए और पापमय संसार के लिए, लालसाओं के लिए, और उस बात को भूल गए कि हम किसलिए प्लायमाउथ रॉक पर आए थे। वे हमारी वारिसना हक को भूल गए, और जाकर और सुख के लिए पागलो के भीड़ के लिए स्वयं को बेच दिया। जैसा कि इस्राएल के दिनों में था, ऐसा ही होता आया है, इसलिए अमेरिका ने भी उसी मार्ग को लिया, ठीक उसी सुखविलास के मार्ग को!

48 कुछ समय पश्चात, सरकार ने पाप का समर्थन किया: "जब तक आपके पास आराधनालय है, तो इससे क्या अन्तर पड़ता है? " ठीक यही है जो अमेरिका ने किया। और हमने स्वयं को आपस में संगठित करना आरंभ कर दिया और छोटे–छोटे झुंड बना लिए, और अधिक पापी हो गए, और पापमय, और पापमय होते गये। हम अपने वास्तविक सिद्धान्त पर टिकना था, जिनके लिए हम यहाँ आए थे! पाप कलीसियाओ में प्रवेश करने लगा, जैसा कि यह तब हुआ था। महिलाए अपने बाल कटवाने लगी, असभ्य कपड़े पहनने लगी, उन्हें हर वर्ष काट रही है और... और पुरुष *ये, वह* करने लगे, और *आदि–आदि*, और ताश खेल रहे थे आराधनालय में और

बंको खेल करने लगे, और वैसे ही सांसारिक जैसे वे थे, सुखविलास के लिए पागल, पीए हुए भाव शून्य।

49 धर्म विद्यालय से सेवक स्नातक उपाधी ले रहे हैं, और बिशप कह रहे हैं, "लड़कों, जो चाहो प्रचार करो। जहां तक मेरा प्रश्न है, यीशु मसीह का लहू उन्नीस सौ वर्ष पहले सूख गया था।" जब तक कि कलीसिया के पास सिवाए संस्थागत होने को छोड़ और कुछ नहीं, एक सराय के समान। सम्भव है आप इस दोपहर को कभी ना भूले! एक सराय के समान हो जाए, संसार ने इसमें आना आरम्भ कर दिया है, सेवकगणों ने समझौता करना आरम्भ कर दिया, जैसे कि आहाब के दिनों में। पापमय, अन्त तक सड़े हुए, और, और, और यह उतना ही बढ़ता गया जितना जा सकता था।

50 यद्यपि परमेश्वर उनके पास एक के बाद दूसरा भविष्यव्यक्ता भेजता रहा, और नम्र अनुग्रह के साथ उसने लोगों से आग्रह किया, और इस पर उन्होंने अपनी पीठ फेर ली। वे अपनी राह चाहते थे, वे इस्राएली थे, वे स्वतंत्र थे, वे महान राष्ट्र थे, उनके पूर्वजों ने *यह–और–वह* किया था (दाऊद और सुलेमान), वे जो चाहते कर सकते थे। ठीक वही चीज जिस के ऊपर हम आधारित है, बिल्कुल ठीक; हमारे पूर्वज वाशिंगटन, और जिसके लिए वे खड़े हुए। परन्तु, भाई, हम उन बातों से लाखों मील दूर हैं; हमारी कलीसियाये लाखों मील।

51 वे पुराने... आज मैथोडिस्ट कलीसिया, जिसके लिए मेथोडिस्ट कलीसिया हुआ करती थी! आज पेंटीकोस्ट क्या है, और यह क्या हुआ करते थे! आज बैपटिस्ट क्या है, यह क्या हुआ करते थे! हमारे पास वापस जाने को समय था और बातें करने को उस जॉन स्मिथ और बहुत से जो आरम्भ के सुधारक थे। जॉन स्मिथ ने कहा, इसके पहले कि वह मरा, उसने कहा, "भयानक बात जो मैथोडिस्ट की महिलाओं ने करना आरम्भ किया है कि उन्होंने अपनी उंगलियों में सोने की अंगूठी पहनना आरंभ कर दिया।" मेथोडिस्ट! आज वह उन्हें कटे हुए बालो में देख कर क्या कहेगा, और अपना सारा मुंह रंगा हुआ, छोटे–छोटे कपड़े पहन रहे है? यह पाप के कारण है!

52 परमेश्वर ने अमेरिका में क्या किया है? बेदारी के बाद बेदारी भेजी, बेदारी के बाद बेदारी। सेवकों ने वचन का प्रचार किया है, लोगों को वापस परमेश्वर के पास लाने का प्रयत्न किया। और उन्होंने क्या किया? वही

चीज इस्राएल ने किया था, तिरस्कार किया! उनका मजाक उड़ाया! उन्हें “पवित्र शोर मचाने वाले” कहा! उन्हें कारागार में डाल दिया!

53 यदि आज इस कलीसिया में से कोई मेरी एक बहन और मेरे भाईयो मे से, एक पिछली रात्री उस होटल में खड़ा होता और अपने हाथों को उठाकर और परमेश्वर की महिमा करता और उस कमरे में चिल्लाता, इस पर वे आज कारागार में होते। परन्तु एक शराबी, भावशून्य जड़बुद्धी लोगो का झुण्ड “अपवित्र शोर करने वाला” वहां खड़ा होकर सारी रात चिल्लाता है; और पीये हुये, और कोसता और उन स्त्रियों के कपड़े उतारते हुए और चलता रहता है, और फर्श पर पड़े हुए और सारी रात्री चिल्लाता है, और वे उसके लिए एक शब्द भी नहीं बोल सकते। कोई आश्चर्य नहीं हम परमेश्वर के हाथ के नीचे नाश हो गए!

54 ध्यान दे, परमेश्वर ने सेवक भेजे, उसके वचन को प्रमाणित करने के लिए चिन्ह और चमत्कार किये। और अधिकांश बातें, बहुत से आधुनिक कलीसिया का पादरी पद प्राप्त व्यक्ति ने इसे अस्वीकार कर दिया और हर बेदारी का उपहास उड़ाया। जो कि कहलाने वाले मसीह की कलीसिया थे और वे, “आश्चर्यकर्मों के दिन बीत गए।” भरसक प्रयत्न परमेश्वर के छोटे झुण्ड में से इसे रोक दिया। जैसा यह इस्राएल में था, वैसा ही आज है। बहुत सी बार, परमेश्वर को अपने लोग उन संगठनों और नामधारियो में से बाहर निकालने पड़े, उन्हें अकेला जंगल में ले गया, उनसे बात करने को। और वह बचे हुओं को लेने जा रहे हैं, आप इसके लिए चिंता ना करें। उसने तब किया, वह अब करेगा। और इसी प्रकार वे पाप में बढ़ते रहे, इन चीजों से भरते रहे। क्यों? उनकी अगुवाई, इसे रोकने के लिए कुछ नहीं था।

55 अच्छा, ईमानदारी, मैं बहुत से राष्ट्रों को जानता हूं कि यदि वे ऐसे लोगों को इस प्रकार के वस्त्र पहने हुए जैसे हम यहां अमेरिका में करते हैं सड़क पर पकड़ ले, तो उन्हें कारागार में डाल देंगे। जब मैं रोम में संत एंजेलो गया (अब, इस पर सोचें, जितना नीचा यह है।), वहां उनका एक चिन्ह था उस संत एंजेलो भूमार्ग कब्रिस्तान के द्वारा, “अमरीकन स्त्रियों के लिए: कृपया कपड़े पहने और मृतको का आदर करे।”

56 यदि कोई चीज जो आपको परेशान करती है, उन कहलाने वाले अमेरिकनो को भीतर आते हुए देखना। मैं लाऊसेन में बैठा हुआ था, एक दिन, मैं और भाई आर्गनब्राइट, हम कुछ मांस खा रहे थे। अगले दिन, हम

फिर गए क्योंकि खाना अच्छा था। मैं वहां थोड़ा पानी ले सकता था, वे शराब को छोड़ और कुछ नहीं देते। और मुझे पानी चाहिए, तो मुझे अपनी बगल में एक जग पानी सारे समय रखना पड़ता था, क्योंकि वे आपको टेबल पर पानी नहीं देंगे। तब मैं वहां गया, और सब कुछ तब तक ठीक था जब तक "मिस अमेरिका" छोटी, गंदे, घमण्डी नाक घुंघराले बाल वाले कुत्ते के साथ ना आयी थी; दस–पैसे दुकाने वाली जेवर के साथ पहने हुए *इस* प्रकार से, और सिगरेट किनारे पर *इस* प्रकार से, वहां बैठ गयी जैसे कि कुछ ना पहना हो; और घुंघराले बाल वाले कुत्ते को टेबल पर बैठा लिया, गंदी, भद्दी चीज।

57 यह... कुत्ता सबसे बुरी चीज जिसके लिए परमेश्वर ने कहा। यहां तक कि उसका दशमांश भी परमेश्वर के भवन में नहीं दे सकते। "यह वैश्या के समान है, वैश्या का दशमांश," यह बाईबल ने कहा। और, फिर भी, आप वहां पर है। वे बालक के जन्म को रोकते और लगभग हजारो डॉलर देते है, उस छोटे से कुत्ते के लिए; और अपने आस–पास रखते और उसे बालक का सा प्रेम देते, ताकि वह सारी रात्री बाहर रहे, और बालको को जन्म ना देगी।

58 सिवाये उपद्रव के क्या प्रतीक्षा कर रहा है! सम्भव है आप मेरी आवाज को फिर कभी ना सुनेगे, परन्तु मैं चाहता हूं कि आप इस बात को स्मरण रखें: हम अंत में हैं!

59 वहां, हम पाते हैं कि क्या घटित हुआ, क्या हुआ। अंतत, *बड़ी* घडी आ गयी: आहाब चुन लिया गया, और जब वह चुना गया, उसने ईजाबेल से विवाह किया; वह पुरानी सड़ी स्त्री जिसने मूर्तिपूजा के लिए समस्त इस्राएल की अगुवाई की। और जैसा इस्राएल ने तब किया, यह, क्यों... वे पिछड़ने वाली स्थिति में थे, जिस प्रकार की बात को वे कभी भी अपने देश में नही होने देते। कानून लोगों के द्वारा लोगों के लिए बनाए गए, और हमने भी वही किया है!

60 एक समय था कि जब अमेरीकन नही करते... वे इसे भली प्रकार जानते थे कि एक पुरानी वैश्या, पुरानी व्यभिचारी जिसने शहीदों का लहू पीया, उन्हें मार डाला, और इसी कारण वे यहां भाग कर आये, स्वतंत्रता के लिए, वे किसी भी इस प्रकार की चीज को नहीं अपनायेंगे। ये यह दर्शाता है कि हम पिछड़ी हुई दशा में हैं, समस्त राष्ट्र, इस प्रकार का चुनाव। ओह, यह ठीक

है, अब आप... आप में से कुछ अच्छे प्रजातंत्र वाले पर विचार करेंगे, कि "ओह, अच्छा, वह—वह एक अच्छा राजनैतिक अध्यक्ष बनायेगा।" तर्क के लिए यह अच्छा लग सकता है, भौतिक विचारवाले को। परन्तु परमेश्वर के वचन और आत्मिक विचार में, इसका कोई अर्थ नहीं है। निश्चित ही नहीं, थोड़े से डॉलर कम कर दिए और कुछ टैक्स या कुछ ऐसा काट दिया।

61 और अब हमारा कठिन समय है, हमारे मिशनरी आज कार्य क्षेत्र में है, क्योंकि अब हमें एक कैथोलिक राष्ट्र समझा जाता हैं। क्यों, निश्चय ही, रूस को साम्यवादी समझा जाता है क्योंकि उनके नेता साम्यवादी है। लाल चीन साम्यवादी समझा जाता है क्योंकि उसके पास साम्यवादी नेता है। हमें कैथोलिक समझा जाता है क्योंकि हमारे नेता कैथोलिक है।

62 ओह, जब आहाब सिंहासन पर था... आप कहते हैं, "*वह* सिंहासन पर था।" यह ठीक है, परंतु उस सिहांसन के पीछे ईजाबेल वह सिर थी। वही थी जिसने वह अगुवाई की। देखिए कैसे उसने उसी राष्ट्र के कानून को लिया और उन्हें घुमा दिया, और अपने लाभ के लिए और लालच के लिए, और आहाब से करवा लिया क्योंकि उसने उससे विवाह किया था। और आज ऐसे ही हमारे नेताओं के साथ है। मैं यह नहीं कहता कि वह भला व्यक्ति नहीं है, परंतु देखिए उसके पीछे क्या है: एक वैश्या, वही चीज हम यहां चला रहे है (अमेरिका होने के लिए); उन्ही सिद्धांतो पर जिस पर अमेरिका बना। हम, अपने ही स्वतंत्र चुनाव से, इस प्रकार की चीजें चुनते है।

63 अब आप देखिये क्यों मेरी आवाज बहुत जल्द ही बंद कर दी जाएगी। परन्तु कोई इसे समझने वाला है! हाँ! क्यों? प्रकाशितवाक्य 2:20, वह स्वयं को "भविष्यद्वक्ता" कहती है। आप बस पाप की लहर पर ध्यान दे जो अब हो रहा है। आप एक सिरे से दूसरे सिरे तक देखिए। आप आधुनिकता को देखे, अभक्ति चीजों को देखे जो कलीसियाओं में हो रही हैं। "और, अंत में, सताव आएगा," बाईबल ऐसा कहती है, **यहोवा यों कहता** है! निश्चय ही, ऐसा होगा।

64 तब क्या होने जा रहा है? जैसा ये तब हुआ था, वैसे ही ये अब होगा। वह इसके पीछे सामर्थ थी, वही थी जिसने इसका नियन्त्रण रखा था। पढिये... मैं विश्वास करता हूं यह सात–... 17 या 18वां अध्याय है, वहां आप पाएंगे कि ईजाबेल ने क्या किया: कैसे उसने आहाब को लिया, और

वह इसके विषय में कुछ नहीं कह सका क्योंकि यह उसकी पत्नी थी। देखिए तब राष्ट्र किस पर बना था, एक पिछड़ा हुआ इस्राएली मूर्तिपूजक पत्नी के साथ (उसके पीछे) बालाम पागान कौन था। और उसने क्या किया? उसने हर चीज को इतना आधुनिक बना दिया, और इतना अच्छा, और लोगों के लिए बहुत सरल था, कि ग्रहण करे जब तक कि सारी कलीसिया उसमें नही चली गयी, प्रचारक और सारे। क्या एलिय्याह ने नहीं कहा, "प्रभु, केवल मैं ही एक बचा हूं"? और जैसा यह तब था, आज उसी के समान्तर है।

65 वे सारे के सारे कुछ भी कहने से डरते थे। क्या यह आज वही बात नहीं है? वे कुछ भी कहने से डरते थे। इसलिए हम पाते है, वे बस ढीले–ढाले, लापरवाह, पीनेवाले, सुखविलास के लिए पागल, और आदि–आदि, जैसा कि यह आज है। इजाबेल उन वचनों को तोड़–मरोड़ रही है... वह क्या... या वे कानून, जैसे—जैसे ईजाबेल तोड–मरोड़ करेगी। स्मरण रखें, ईजाबेल को, स्वयं को "भविष्यद्वक्तनी" कहती थी, कि लोगों को वश में रखना, और वह यह कहती है कि वह "पृथ्वी पर केवल वही परमेश्वर की आवाज है।" वह शारीरिक बुद्धी से वैसे ही विश्वास करवा लेगी जैसे कि संसार निश्चित है।

66 "संयुक्त राज्य में एक महिला की आराधना आएगी, और वह मरियम होगी।" मैंने यह तीस... 1931 में देखा। सात बातें घटित हुई। मैंने यह यहां अपने पास कागज पर लिखी हुयी है, 1931 में लिख ली। मैंने कैसे कहा, "यह राष्ट्रपति, फ्रैंकलिन डी। रूजवेल्ट, यही कारण होगा, विश्व युद्ध में सहायक होगा, दबाव के चलते।" अभी तक युद्ध में नहीं आया, निराशा के समय में। मैंने कहा, "दूसरी बात... " और मेरी मां, एक पक्की डेमोक्रेट है, यदि वह मेरी ओर घुर कर ना देखे, जब मैं यह कहूं। मैंने कहा, "मैं चिन्ता नहीं करता यदि वह एक रिपब्लिकन था या यदि वह एक सोशिलिस्ट था या जो भी था, यह **यहोवा यों कहता है** है।" और मैंने कहा, "यह करते हुए, ये महिलाओं को वोट का अधिकार दे रहे हैं। और जब वे यह करते हैं, तो वे वह महान कलंकित कार्य कर रहे है जो कभी इस राष्ट्र के लिए किया गया हो।" और मैंने कहा, "किसी दिन वे इसकी कीमत चुकायेंगे।" और उन्होंने यह पिछले चुनाव में किया है। यही जो उसे महिलाओं ने चुना है।

67 और आप बहुमूल्य अश्वेत लोगो ने दक्षिण में, आप लोगो ने कैसे मत

दिया! आप कहते हैं, "इसे कहने को आपका प्रचार मंच से कोई मतलब नहीं है।" ओह, हाँ, मुझे है, यह परमेश्वर का वचन है! और अब्राहम लिंकन के—के दाग, वे जिन्होंने आपको स्वतंत्र किया है, वह संग्रहालय में स्त्रीयों के छाती पर है, और आपने अपना जन्मसिद्ध अधिकार बेच दिया। आपके लिए लज्जा की बात है।

68 और आप लोग, राजनीति के लिए, क्योंकि आप बस एक अच्छे डेमोक्रेट है, इस प्रकार की चीज के लिए मतदान किया, और अपना अमरीकन और मसीहत का जन्मसिद्ध अधिकार बेच दिया, और वेश्याओ को दे दिया जो हमें इस राष्ट्र में चलाती है, हम क्या हो गए हम क्या थे। देखिए यह कैसे–कैसे धीरे अंदर आ रही है? सरलता से, जब तक वह सिंहासन पर ना आ जाए। निश्चय ही! व्हाइट हाउस के सिंहासन पर।

69 ध्यान दे! पहले ही... क्या आपने उस दिन कैथोलिक स्कूलों और प्रोटेस्टेंट स्कूलों के विषय में देखा? कैथोलिक स्कूल का समर्थन परन्तु प्रोटेस्टेंट स्कूल नहीं। समझे? ओह, भाई! आप उस चीज के झोके को देखे जो अब आ रहा है। ध्यान दे, और जैसा यह उन्होंने किया है, देखिए क्या घटित हुआ। यह सारे पाप का ढेर लग रहा है। एक स्थान पर पहुंच रहा है और राष्ट्र को एक प्रकार से लड़खड़ाने वाले स्थान पर ले आया।

70 बहुत वर्षों पहले, जब उनके पास था... पहले पेंटीकोस्टल आए, इसने कुछ वर्षो पहले राष्ट्र को बचाया जब एल स्मिथ चलाने जा रहा था। अमेरिका इसे भली प्रकार जान गया। परन्तु पेंटीकोस्टल इतना सांसारिक हो गया ये इसमें आगे बढ़ता चला गया और एक मसीही के नाते अपना जन्म सिद्ध अधिकार राजनीति को बेच दिया, और इसकी राजनीतियां बाईबल से आगे है। ओह, प्रभु!

71 अब, जरा एक मिनट, और ध्यान दे कि यह कैसे बाहर आया। अब, हम पाते हैं कि उन्होंने क्या किया और जो चीजें उन्होंने की, हम उन्हें यहाँ ठीक समानांतर देखते हैं, हर जगह पाप है। ईजाबेल भीतर आई, और उसने सब लोगों को सम्मोहित कर दिया। और ध्यान दें, अंत में, उसने बाल के लिए एक बड़ा मंदिर बनाना आरंभ कर दिया। क्या यह ठीक बात है? और बालाम के याजकगण हर कहीं से उस स्थान पर आ गए, और राष्ट्र को बाल की आराधना से दूषित करने लगे।

72 देखिए उन्होंने क्या किया, देखिए उन्होंने कैसे जाल बुना। बस वही

चीजें जो उन्होंने की, देखिए आज वे कहां पर हैं। कैथोलिको को देखिए फूल रहे है, निगल रहा है, निगल रहा है, निगल रहा है; विवाह कर रहे है, इसे तोड़ रहे है, ठीक जो दानिय्येल ने कहा वे वही करेंगे। लोहा और मिट्टी मिलेंगे नहीं, परन्तु एक दूसरे के वंश एक दूसरे में मिलेंगे, टूट रहे हैं। हर प्रोटेस्टेंट लड़की जो कैथोलिक लड़के से विवाह करेगी, वह अपने बालको को कैथोलिक परवरिश कराएगी। सभी इस प्रकार से, विवाह कर रहे है, मिश्रित हो रहे है, इस प्रकार से जब तक यह ऐसे स्थान पर नहीं आ जाता कि सारा संयुक्त राज्य कीड़ो से भर जाए।

73 हम मिशनरी के समान हम क्या करने जा रहे हैं, हम वहां दक्षिणी अमेरिका में स्वतंत्र कराने जा रहे हैं और समस्त संसार में, टॉमी ओसबोर्न और वे, लोगों को मूर्तिपूजा से बाहर निकालने का यत्न कर रहे हैं और वे वापस उंगली उठा सकते है कि हमने अपना अगुवा चुन लिया, और वही चीज। हे परमेश्वर। इस संसार का क्या—क्या होने जा रहा है? इसे यहां हर व्यक्ति को हिला देना चाहिए। हम कैसे उत्तर देने जा रहे है? मिशनरी क्या कहने वाले हैं, जब वे कहते हैं, "तुम यहां हमें इससे छुड़ाने आए हो, और तुम्हारे अपने लोग इसी चीज को अपने कार्यालय में रखते है, सिंहासन पर"? हम कैसे जा रहे हैं... क्या...

74 इतिहास के पन्नो में पीछे देखे, और देखें यदि यह—यदि यह बिलकुल पूर्णत:, इसके लिए हो, असंवैधानिक है। वे इसे वर्षों पहले नहीं करते, परन्तु, देखिए, हमने अपने मसीही अधिकारों को राजनीति के लिए बेच दिए, और इसी प्रकार से शैतान स्वयं को इसमें ला रहा है। आहाब कुछ नहीं था, सिवाये ईजाबेल के ऊपर नाम मात्र लिए था। बस यह होगा, बस नाम मात्र के लिए था। वह इसे स्वयं नहीं करेगा, परन्तु जो तंत्र उसके पीछे है वह उसे चलाएगा। बिल्कुल ठीक बात है! तुम मसीहो, अपने विवेक को चिमटी लो। स्वयं को जगाओ, कही सोचने में देरी ना हो जाए। जिस स्थिति में हम हैं, और वह स्थिति जिसमें वे थे, और कैसे वे स्वयं को छुडाते।

75 कैसे परमेश्वर का महान प्रेमी ह्रदय रोया और चिल्लाया होगा, जब उसने अपने मिशनरी लोगों को देखा। उन्हें एक उदाहरण बनाया, सारे राष्ट्र हर स्थान से आ रहे है क्योंकि परमेश्वर ने उसे आशीषित किया है, उन्हें एकता में देख रहा है, आत्मिकता में, परमेश्वर की सेवा कर रहे है। और तब यह सोचते है कि प्रतिक्षा कर रहा है कि वह—वह अपने पहले वाले प्रेम में

वापस आए और जो ठीक है वह करे, परन्तु वे निरन्तर, दूर होते गए, और दूर, और दूर, यहां तक कि ईजाबेल भीतर आ गई। हमने ठीक यही किया है। मसीह के सिद्धांतों से भटक गए। जब परमेश्वर ने अपने सेवक समस्त राष्ट्र में भेजे, उन्होंने पवित्रताई को प्रचार किया (पिलग्रिम होलीनेस, नाज़रीन, पेंटीकोस्टल), "परमेश्वर के पास वापस जाए! परमेश्वर के पास वापस जाए!"

76 और वास्तविक पुरानी स्थापित कलीसियाये बस हंसती और उपहास उड़ाती है। उनमें से बहुत से विश्वासी आधुनिक है, क्यों, वे उन्हें जो उन लोगों ने जो किया दोषी ठहराते है और कहा, "यह शैतान का था।" इसने क्या किया? और कलीसिया ने इसको सुनना आरंभ कर दिया, बहुमत ने सुनना आरंभ कर दिया। पहली बात आप जानते हैं, "यदि कैथोलिक स्त्री इस प्रकार की चीजें को पहन सकती है, तो प्रोटेस्टेंट भी कर सकते थे। तब यदि कैथोलिक कलीसिया *यह* कर सकते थे, तो प्रोटेस्टेंट भी कर सकते हैं। तब यदि मेथोडिस्ट कर सकते थे, तो बैपटिस्ट के विषय में क्या है? तब यदि बैपटिस्ट कर सकते थे, तो पेंटीकोस्टल के विषय में क्या है? "

77 देखिए, मनुष्य के द्वारा बनाई गई विधियाँ आपको इसमें लाती है। हाल्लेलुय्या! यह सत्य है। यही कारण है कि मैं इसके विरोध में हूं, क्योंकि परमेश्वर का वचन इसके विरोध में है। मनुष्य द्वारा बनाया गया तंत्र: परमेश्वर इसके विरोध में है, उसका वचन इसके विरोध में है, उसके भविष्यव्यक्ता इसके विरोध में होंगे, उसका सच्चा दास इसके विरोध में होगा, वे सब जो परमेश्वर के आत्मा से जन्मे होंगे, इसके विरोध में होंगे।

78 देखिए इस्राएल ने कैसे लिया, वे कैसे लहरो के साथ तैरते गए, यहां तक कि अंतत: ईजाबेल भीतर आ गई। देखिए अमरीका ने कैसे लिया, और सांसारिक लहरों में तैराया गया, जब तक कि अंतत: ईजाबेल सिंहासन पर ना आ गयी। यह ठीक बात है। अब, ईजाबेल वास्तव में मिस्र के सिंहासन पर नहीं है... याने, इस्राएल का सिंहासन पर, परन्तु सिंहासन के पीछे वही विशेष मस्तिष्क है। और कैथोलिक तंत्र संयुक्त राज्य के सिंहासन पर नहीं है, परन्तु इसके पीछे वही तंत्र है क्योंकि इसने इसे ब्याह किया है। और बाईबल ने कहा, इस राष्ट्र में, वे इस "पशु से *सम्बन्धित* एक मूरत बनायेंगे।"

79 ओह, भाई, बहन, क्या मामला है? भाई, मैं—मैं जानता हूं कि यह क्या है। बाईबल ने कहा कि वे इस लौदिकिया युग में आयेंगे, और हम वही

पर हैं। अब आप मुझसे घृणा कर सकते हैं, परन्तु एक दिन आप नहीं करेंगे जब आप पायेंगे कि सत्य क्या है। आप असहमत हो सकते हैं और खड़े होकर पैर पटकर भवन से बाहर जा सकते हैं, यह आपके अनपढ़पन को दर्शायेगा। परन्तु किसी दिन आप अनुभव करेंगे, किसी दिन आप स्मरण करेंगे और जान जायेंगे कि यह सत्य है! मैं यह प्रभु के नाम से बोलता हूं! मैंने स्वयं को निशाने पर रखा हुआ है, जो कि अंत में मुझे कब्र में पहुंचायेगा। जब तक मैं मरता हूं मैं इसका गवाह होने जा रहा हूं, यदि परमेश्वर मेरी सहायता करेगा। यह ठीक बात है।

80 यहां हम इस दशा में हैं जिसमें हम आज है, यह सब ऐसे ही चल रहा है। और इस्राएल, आहाब ने कैसे ईजाबेल के लिए नाम मात्र का, क्योंकि वह था... उसने उससे विवाह किया था। अमेरिका, हमारा अगुवा, कैसे किया... आप जानते हैं कि हमारा अगुवा एक धनी व्यक्ति था? कितने यह जानते हैं? एक करोड़पति। किसी ने मुझे बताया, पत्रिका में या किसी रेडियो या टेलीविजन या ऐसे ही कुछ, जैक बैनी या किसी ने एक बात... अर्नी फोर्ड, मैं सोचता हूं यही था। किसी ने कहा कि "उसके पिता ने उसकी दो बड़े भूभाग लेने में सहायता की जो कि वह उसके अपने नहीं थे।" बाकी भी उसी के होने वाले थे। उसे यह कैसे मिला? वह पैसा कैसे आया? वह व्हिस्की की खेप, और शराब के द्वारा। यही कारण है कि उसने व्हिस्की पर टैक्स कम कर दियाऔर आदि–आदि से। यही है जिसने उसे धनी व्यक्ति बना दिया। इसी चीज ने हमारे राष्ट्र की बर्बाद कर दिया, इसी चीज ने हमारे लोगों के मस्तिष्क को भ्रष्ट किया, इसी चीज ने हमारे लड़कों शराबी बना दिया, और हमारी लड़कियां वैश्याये हो गयी, उसी निकाले गये पैसे से जिसने उसे धनी व्यक्ति बनाया।

81 वही चीज, पुरानी ईजाबेल का तंत्र, इसी चीज ने हमारे लोगों को सताया, यही चीज उन्हें खेच कर (रोमनवाद में) ले गयी और उन्हें जला दिया और उन्हें अलग कर दिया और उनके साथ सब कुछ कर दिया, शहीदों का वही लहू (बाईबल कहती है) उसके अन्दर है! वे वही है, एक दूसरे से विवाह किया। और हम अमरीकन इस पर भटक रहे है, "ओह, ठीक है, हमारे पास कुछ अतिरिक्त डॉलर हैं और हमारा समय अच्छा है। और बाकी के राष्ट्रों से अधिक बेहतर है।" परन्तु, भाई, आप थोड़ी प्रतिक्षा करे।

82 आइए अब हम इसे शब्द, शब्द कर के लेंगे, अगले कुछ मिनटों में, देखिए क्या घटित हुआ।

83 प्रचारक इसके साथ–साथ है, और उनके साथ गिर पड़े, उनके साथ हो गए, सारे तंत्र। समस्त इस्राएल तंत्र उस ईजाबेल के साथ–साथ हो गया। उनका एक रूप था, जी हां। और क्या बाईबल नहीं बताती है कि अंतिम दिनों में हम "एक भक्ति का भेष धरेंगे"? सारी भविष्यवाणियां पूरी हो गई, भाई, हम अंत में हैं! राष्ट्रीय रीति पर, हम अंत पर हैं! आत्मिक रीति पर, हम अंत में हैं! हर तंत्र अपने अंत पर है! अगली बात प्रभु का आगमन और कलीसिया का रूपांतरण।

84 परमेश्वर ने हर एक चिन्ह और आश्चर्यकर्म भेजे, सब कुछ किया जो वह कर सकता था, लोगों को वापस खींचने का यत्न किया, और वे निरंतर इसी पर आगे बढ़ते रहे। यहाँ इस नगर को देखे। यहां इस राष्ट्र को देखे, हजारो और हजार पेंटीकोस्टल लोग हैं; और सत्य पर खड़े होने के कारण, वे इस दोपहर में कहां है? क्योंकि किसी ने उन्हें बताया कि इन सभाओं में सहयोग ना दे। तुम बेचारे, जानबूझकर... परमेश्वर आप पर अनुग्रहकारी हो, मैं केवल यही कह सकता हूं। जब कि आप मसीहो के पास इसे छोड़ और कोई आधार नहीं है, बजाये मूल आधार के आपके पास इच्छाओं का आधार है। ठीक है! हमारी क्या आवश्यकता है, "सुसमाचार को दांतों के साथ प्रचार करें," यह चीजों को टुकड़े–टुकड़े कर देगा। औरो के समान हो जायेगा, तब आपको आश्चर्य होगा क्यों हम इस विषय में चिल्लाते हैं। तब, आप देखिए, आप "रूखे" हो जाते है। मैं आशा करता हूं, मुझे करना है।

85 यह सब इस्राएल में होता रहा। अंत में, एक दिन, जंगल में से एक कदम मरता हुआ आया, एक बूढ़ा बालोवाला व्यक्ति, एलिय्याह तिशबी आया। वह किसी संस्था से नहीं आया, वह जंगल में से आया! उसका उनसे कोई मतलब नहीं था। वह प्रभु का भविष्यवक्ता था। भाई, उसने ईजाबेल के राज्य को हिला दिया हर चीज जो उसमें था। उन्होंने उससे घृणा की। उसके पास कोई सहयोग नहीं था, मैं आपको इसकी गारंटी दूंगा। बाईबल कहती है नही। निश्चय ही। उसने उन मुंह रंगी हुई ईजाबेलो को "जलाया," मैं कल्पना करता हूं। उसने यूहन्ना के समान कुल्हाडे को पेड़ कि जड़ पर रखा, उसकी लकड़ी की चिपटे या छोटे–छोटे टुकड़े, जहां भी गिरे, परन्तु उसने उसे वहां रखा। उसने राष्ट्र को हिला दिया, यह दर्शा दिया कि वे गलत

थे, और उन्हें सच्चे जीवित परमेश्वर के पास वापस लाने का यत्न किया, बजाये ईजाबेल की आराधना के उसके वचन पर वापस लाया।

86 उन्होंने क्या किया? क्या उन्होंने उसे स्वीकार किया? उन्होंने उससे घृणा की! परन्तु उसका वचन वैसे ही आगे बढ़ा, क्योंकि उसके पास **यहोवा यों कहता है** था! परमेश्वर ने उसके साथ कार्य किया, और दर्शा दिया वे बाते जो उसके द्वारा कही गयी वह अभिषिक्त भविष्यद्वक्ता था जो उसने कहा घटित हुआ। और वह सब जो उसने किया सिद्ध किया कि वह परमेश्वर का भविष्यवक्ता था। परन्तु वे फिर भी इसका विश्वास नहीं करेंगे, क्योंकि उसने उनके क्रीड़ा स्थलों को तोड़ दिया। उसने उन्हें बताया कि वे गलत थे। आहाब घाट का मजदूर। यह सत्य है! और आप ध्यान दे उन्होंने उसका विश्वास नहीं किया, परन्तु उसने वैसा ही प्रचार किया। उसके साथ कोई भी प्रचारक सहमत ना था, उसने कहा, "प्रभु, केवल मैं ही बचा हूं। उन्हें देखिए, वे यहां तक कि... कोई भी सहयोग नहीं करेगा।" परन्तु उसका एक उद्देश्य था और उसने किया। उसके पास प्रभु का वचन था, **यहोवा यों कहता है!** और उसने राष्ट्र पर आक्रमण किया, उसने कलीसिया पर आक्रमण किया, वहां जो भी था उस पर आक्रमण किया, और परमेश्वर उसके साथ था!

87 हमसे प्रतिज्ञा है, कि अन्तिम दिनो में वह इस राष्ट्र में भी आएगा। मैं जानता हूं, यीशु, जब... मत्ती 17, जब उन्होंने उससे पूछा, "शास्त्री क्यों कहते हैं, 'एलिय्याह... '? "

88 देखिए उसने क्या कहा, "एलिय्याह का पहले आना अवश्य है," भूतकाल, वर्त–... भविष्य काल में। परन्तु तब उसने यूहन्ना का एक उदाहरण दिया। यूहन्ना मलाकी 4 नहीं था। यूहन्ना मलाकी 3 था, "देखो, मैं अपने आगे एक संदेशवाहक भेजता हूं ताकि मार्ग तैयार करे।"

89 मलाकी 4, उसने कहा, "इसके पहले प्रभु का महान और भयानक दिन आए, जब सारी पृथ्वी भूसे के समान जल जाएगी; उस दिन से पहले, मैं एलिय्याह को भेजूंगा।"

90 और यह यूहन्ना नहीं था, क्योंकि जब यहुन्ना आया प्रभु ने पृथ्वी को कभी नहीं जलाया। और यदि आप ध्यान दें, और अन्त के अध्याय में, अन्त के पद में, उसने कहा, "और वह... " (देखिए: *वह* बातें कर रहा है) "... पूर्वजो के ह्रदयो को बालकों की ओर फेरेगा, *और* बालकों के ह्रदय

पूर्वजो की ओर फेरेगा।”

91 अब ध्यान दे! पहला यूहन्ना आया, पहला एलिय्याह, उसने क्या किया? वह आया और एक संदेश लाया और पुराने कट्टरवादियों को फेरा कठोर हृदयों को युवा कलीसिया के विश्वास पर, बालको पर। परन्तु जब अगला एलिय्याह आया, अंत समय में, उसे वापस जाकर और पूर्वजो के हृदयो को लेना था... बल्कि, बालको के हृदय को, और पेंटीकोस्टल पूर्वजो की ओर फेरना था। भिन्नता को देखिए? वह यहां पर वह *कहलाने वाला* नहीं होगा, आज हमारे पास है, वह ठीक प्रेरितों के काम 2 पर वापस जाएगा और वहीं से आरंभ करेगा। वह शुद्ध सुसमाचार प्रचार करेगा, वही बात कहेगा जो पतरस ने पेंटीकोस्ट पर कही थी, क्योंकि जो उसने पेंटीकोस्ट पर कहा वह सारे पवित्र वचन में प्रमाणित हुआ। वह किसी संस्था से घुमाया नहीं जाएगा, जब एलिय्याह आता है। वह स्त्रियों से घृणा करेगा जैसे एलिय्याह ने किया, जैसे... याने बुरी स्त्रियों, जैसे यूहन्ना ने किया। वह जंगल प्रेमी होगा, ठीक जैसे वे थे। वह छोड़ेगा नहीं। हम उसके आने की राह देख रहे हैं। वह आयेगा! परमेश्वर ने कहा कि वह आयेगा, और वह यहां पर होगा!

92 मैं विश्वास करता हूं, यदि कुछ भी, वह सन्देश जो आज हमारे पास है, वह उसके महान आगमन को आगे–आगे चलेगा। जी हां, श्रीमान! वह अपने मार्ग पर है, जन्म ले चुका है। जैसे एलिय्याह था, और जंगल में ललकारता हुआ है, कहीं पर वह स्वयं को प्रगट करेगा। वह प्रेरितों के काम 2 को प्रचार करेगा। वह पुराने पेंटीकोस्ट पूर्वजो के विश्वास को वापस लाएगा... इन पेंटीकोस्टल बालको का विश्वास, ठीक पेंटीकोस्टल पूर्वजो के विश्वास की ओर। वह ठीक प्रेरितों के काम 2 पर वापस जायेगा, प्रेरितों के काम 2:38 पर आगे बढ़ते हुए। वह वास्तविक, शुद्ध सुसमाचार को लाएगा। उसका ईजाबेल और उसके तंत्र से कोई मतलब नहीं होगा। वह परमेश्वर का दास होगा। निश्चय ही वह होगा! बाईबल ने कहा वह आयेगा। वह भविष्यवाणी करेगा और अपने संदेश को ईजाबेलो को ललकारेगा, ठीक वैसे ही जैसे एलिय्याह ने इस्राएल के आरम्भ में किया। वे उससे घृणा करेंगे! वे उसके साथ सहयोग नहीं करेंगे। नहीं, नहीं। वह आयेगा! परमेश्वर ने इसकी प्रतिज्ञा की है, और वह दृश्य पर आयेगा। वह—वह चुनी हुई कलीसिया को प्रचार करेगा जैसा कि यह कहा वह करेगा, उन चुने हुओ को हिलायेगा, भौतिकवाद को झटक देगा, वो—वो संसार और उसकी चीजे उन्हें हिला देगा, खौला देगा, कलीसिया को एक साथ मिला रहा है, एक

लोग।

93 मैं जानता हूं कि आप कहते हैं, “यह मेरी नामधारी कलीसिया है।” भाई, आप गलत है! यूहन्ना एक तंत्र–मनुष्य के समान आया कि एक मनुष्य का परिचय कराए: यीशु मसीह का। और एलिय्याह कोई तंत्र नहीं होगा, एक मनुष्य होगा, यीशु ने ऐसा कहा है। यह एक मनुष्य होगा जो कि पवित्र आत्मा से अभिषिक्त होगा। और वह तीन या चार ईश्वरो से परिचय नहीं करायेगा, वह एक का परिचय करायेगा: प्रभु यीशु मसीह का, क्योंकि उसका संदेश पेंटीकोस्टल बालको को हिलायेगा कि पूर्वजो के विश्वास पर फिर वापस जाए।

94 भाई, आपको स्मरण है, यदि मैं कहता हूं, यह बातें गन्दगी की है, तो मुझे आवश्यकता है कि मैं वेदी पर जाऊं। मैं आपको, **“यहोवा यों कहता है!”** बता रहा हूं यदि परमेश्वर यह प्रमाणित ना करे, कि जो मैंने आपको बताया है वह सत्य है, समस्त राष्ट्र और समस्त संसार, तो फिर मुझे बताये गलती कहां है। मैं आपको सत्य बता रहा हूं! परमेश्वर के पास वापस आ जाओ, जल्दी! इन तंत्रो से बाहर आ जाओ, क्योंकि बाईबल कहती है प्रकाशितवाक्य में, कि रोमन कैथोलिक पुरोहितवाद एक “वैश्या,” था और वह एक “वैश्याओ की माता” थी। यह क्या है? कलीसियाओं का तंत्र।

95 और मैथोडिस्ट कलीसिया कलीसिया कहां से आई, लूथरन कलीसिया कहां से आई? कहां से मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट, और सारी संस्थायें आयी? परमेश्वर ने कलीसिया को कभी भी संगठित नहीं किया। कैथोलिक कलीसिया ने कहा कि वे वहां पीछे थे, “यीशु ने कलीसिया को संस्थागत किया।” मैं—मैं इतिहास का एक पन्ना चाहता हूं, या बाईबल का एक पन्ना। तीन सौ छह वर्षों तक कोई भी संस्था नहीं थी अन्तिम चेले की मृत्यु के पश्चात, तब उन्होंने निसियन सभा बनाई और एक संस्था बनायी। और जब लूथर बाहर आया... वह परमेश्वर का एक महान पुरुष था, परन्तु जैसे ही वह गया, वह छोटे लोगों का झुंड आगे बढ़ा और एक और संस्था बना ली। तब पवित्र आत्मा जॉन वैसली पर चला गया, उसने कभी भी कोई संस्था नहीं बनायी, परन्तु उसके जाने के पश्चात वे संस्थागत हो गए। तब पवित्र आत्मा पेंटीकोस्टलो के साथ हो गया, और वे मैथोडिस्ट से निकल गए। और क्या घटित हुआ? तब *वे* फिर संस्थागत हो गए।

96 परन्तु एक मनुष्य का तंत्र होगा जो सामर्थ और एलिय्याह के अभिषेक के

साथ आगे आएगा, कि भविष्यवाणी को पूरा करे। हाल्लेलुय्या! वह इसे हिला देगा। और, स्मरण रखें, उसने उन से भविष्यवाणी की, और भविष्यवाणी की, और उन्हें सारी बातें बताई, और परमेश्वर ने उसके साथ कार्य किया। परन्तु उसका अंतिम प्रहार व्हाइट हाउस पर प्रहार करना था। उह–हुंह। जब यूहन्ना आया, उसके अंतिम संदेश पर उस दिन के व्हाइट हाउस पर प्रहार था। एलिय्याह का अंतिम संदेश, जब वह उस मार्ग पर परमेश्वर की उपस्थिति से उठ कर गया उसके बाद, उस मार्ग पर पुराने बालों और चमकदार गंजे सिर के साथ गया, दाढ़ी उड़ रही थी, वे छोटी–छोटी बूढी आंखें, परमेश्वर की महिमा से चमक रही थी। वह छड़ी उसके हाथ में थी, और उसके पांव उतने ही तैयार थे जितने हो सकते थे। वह क्या कर रहा था? सामरिया से चलते हुए व्हाइट हाउस की उपस्थिति में जा रहा था, और कह रहा था, **"यहोवा यों कहता है!"** कोई भय नहीं। कलीसियाओ ने उसे अस्वीकार कर दिया था, लोगों ने उसे अस्वीकार कर दिया, अब इसलिए उसने अपना अन्तिम प्रहार व्हाइट हाउस पर किया।

97 तब उसके बाद क्या हुआ? सुनिए! प्रहार के पश्चात, उसका स्वर शांत हो गया, उसे किसी ने फिर नहीं सुना। परमेश्वर ने उसे दृश्य से वापस बुला लिया, कहा, "एलिय्याह, तूने अपना संदेश सारे इस्राएल पर प्रगट कर दिया है, वे इसे जानते हैं। अब यहां जंगल में आ जा, उनसे अलग हो जा, स्वयं को अलग कर क्योंकि मैं कुछ करने जा रहा हूं। मैं उन्हें यह दिखाने जा रहा हूं कि मेरे संदेश को अस्वीकार करना क्या होता है।" क्या तय है? युद्ध, अकाल, भुखमरी।

98 **पवित्र आत्मा यों कहता है,** "देखो क्या आ रहा है! देखो क्या घटित होने जा रहा है! वहां अकाल था, वहां अकाल *होगा*!" ओह, सम्भव है रोटी के लिए नहीं, परन्तु परमेश्वर के वचन को सुनने के लिए और उसके सत्य के लिए। सारी कलीसियाये सामाजिक हो जायेंगी और सीधी इसमें चलती चली जायेंगी, जैसे कि वे लोग इसमें पहले ही निगले जा चुके हैं।

99 एलिय्याह ने क्या किया? उसे एक छिपा हुआ सोता मिला, वहां पहाड़ो पर जहां उसे कुछ जीवन का जल मिला, परमेश्वर की ओर से दिव्य प्रकाशन जैसे कि वह वहां पर परमेश्वर की सामर्थ में बैठा हुआ था। प्रकाशन वह छोटे छिपे हुए सोते के समान, जबकि बाकी अकाल ग्रस्त थे। और परमेश्वर अपने दासो को आशीषित करता है (वे कौवे), जब वह लोगों से अलग था, वे

उसके खाने के लिए कुछ लाए। और वे बेदारी के लिए अकाल ग्रस्त थे और सब चल रहा था। [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] "उसकी बेदारी को और ना सुने... वह पुराना सनकी कहाँ गया जो चारों ओर हमारी संस्थाओ पर चिल्लाता था? वह अब कहां है? " वे नहीं जानते। उसने स्वयं को परमेश्वर के संग कर लिया, अलग एकान्त स्थान में जहां वे उसकी आवाज को नहीं सुन पाये। तब वे देखने लगे।

100 जब परमेश्वर एक संदेश भेजता है और लोगों को बताता है, और वे इसे स्वीकार नहीं करते, तब वह अपने दास को वापस बुला लेता है और अपनी पीड़ाओं को भेजता है: अकाल, मरी (आत्मिक और शारीरिक से भी बोल रहा हूं)। भाई, निराशा के दबाव को देखे। आप सोचते हैं आपने कुछ देखा है, आप कुछ देर प्रतीक्षा करें। आपने कुछ नहीं देखा है। आप सोचते हैं आप एक अच्छे आत्मिक बेदारी के लिए मर रहे हैं, आप थोड़ी देर और प्रतीक्षा करें। आप बस प्रतीक्षा करे, परमेश्वर के वचन के सुनने के लिए रोना चिल्लाना सुने। बाईबल ने ऐसा कहा है! "अंत के दिनों में अकाल होगा," भविष्यवक्ता ने कहा, "और केवल रोटी और पानी के लिए नहीं, परन्तु परमेश्वर के सच्चे वचन को सुनने के लिए।" परन्तु वह आवाज कहीं तो जंगल में शान्त हो जाएगी, छिप जाती है।

101 उसने कौवों को ठहराया, उसके दासो को। उन चिड़ियों को आशीष मिले, उसके दास, जो एलिय्याह की—की आवाज को उसके—उसके कलीसिया से अलग रहने के समय में जीवित रखते है। कौवे उसके लिए प्रात: मांस और रोटी लाए, और मांस और रोटी सांझ को, और उसने छोटे सोते से पीया, जबकि बाकी सब वहां बिना किसी आत्मिक खाने और पानी से जीवन व्यतीत कर रहे थे।

102 तब एक दिन, पाप ने जब अपना कर वसूल कर लिया, और परमेश्वर अपने लोगों को उनके घुटनों पर ले आया... ईजाबेल ने सब कुछ ले लिया, उसने सब साफ कर दिया, और वह फिर करेगी! यही है **परमेश्वर की पवित्र बाईबल ने कहा** है, "वह इसे फिर करेगी।" वह ठीक अब सिंहासन पर है, उस नाम मात्र का जो है; उसके पीछे वह जैसा चाहती है घुमाती है, उसे कोई रोकने नहीं जा रहा है। निश्चय ही, उसे अब कोई रोकने वाला नहीं है, क्योंकि जो वे धार्मिक क्षेत्र में नहीं पा सकते, वे उसे हठा देते है इसे—इसे राजनीति में काट देते है, और वहां वे कर चुके। उह-हुंह, उन्होंने बिल्कुल

ठीक यही किया है। जो कि, राजनीति एक बहिष्कार होगी, बिल्कुल ठीक वापस पशु की छाप पर वापस, जितनी निश्चितता के साथ मैं यहां खड़ा हूं, देखिए, जैसा कि बाईबल ने कहा।

103 मैं जानता हूं कि हमें देर हो रही है, मैं जल्दी–जल्दी करूंगा। मुझे इस अंतिम वचन को लेना है, यदि प्रभु मुझे लेने देगा।

104 ध्यान दे! एलिय्याह वहां तब तक रहा जब तक कि परमेश्वर ने उसे वहां से नहीं हटाया। उसके पास कोई बेदारियां नहीं थी। उसने किसी के विरोध में प्रचार नहीं किया। वह बस वहां परमेश्वर के साथ अकेला खड़ा रहा, वहां जंगल में, क्योंकि वह एक जंगली मनुष्य था। इसलिए कि वह जंगल में बड़ा हुआ था। ऐसे ही यूहन्ना जंगल में बड़ा हुआ था।

105 वह जंगल में अकेला परमेश्वर के पास गया, कलीसिया से हटाया गया जब उसने अपना संदेश दे दिया। और कलीसिया ने उसे अस्वीकार कर दिया। और अंतत: संस्थाए कुछ नहीं करेगी, इसलिए बस उसे बाहर जाना ही था। परमेश्वर ने उसे दृश्य से हटा लिया, उसे बाहर जंगल में ले गया, कहा, “यहाँ आजा, वे अब और नहीं सुनेंगे। आजा, अब मैं अपना न्याय उन पर भेजुंगा।” ओह, हाँ, वह इन दिनों में से किसी एक दिन यहाँ पर होगा, आप ध्यान दे।

106 तब, उसकी भविष्यवाणी के दिनों के पश्चात, क्या घटित हुआ? कलीसिया कमजोर हो गई, ईजाबेल का आतंक, उसने सब अपने बस में कर लिया, उन सब को चट कर गयी। अपने अधिकार में कर लिया, और उपवन और आदि सब बनाये।

107 परन्तु, एक दिन, परमेश्वर ने उसे फिर बुलाया! वह यहाँ निकल कर आया। अब ध्यान से सुने, और मुझ पर क्रोध ना करे। मैं कह रहा हूं, “**यहोवा यों कहता है!**” जब वह आया, परमेश्वर ने क्या किया? उसने उसे एक विधवा स्त्री के घर भेजा। एक समय उसके सिर पर एक—एक पुरुष का अधिकार था, परन्तु मृत्यु ने उसे लेकर स्वतंत्र कर दिया ताकि वह भविष्यवक्ता के वचन का विश्वास कर सके। आपने यह ध्यान दिया? उसका एक पति था जो उसे यहां और वहां उसका मार्गदर्शन करता था, वहां के विद्यालयो में से एक। परन्तु इस बड़े अकाल के चलते, वह काल में समा गया, मृत्यु ने उसे ले लिया। वह किसी भी संस्था से नहीं जुड़ी थी, इसलिए वह अब प्रभु का वचन सुनने के लिए तैयार थी। एक स्त्री, का अर्थ

है एक कलीसिया; एक विधवा, उसका पति (संस्था) मर गया था, और वह अकेले में सोच रही थी वह स्वयं ही जीवित है। और परमेश्वर ने कहा, "अब उसके पास जा, वह तेरी सुनेगी, मैंने उसे आज्ञा दी है।"

108 ओह, कभी–कभी हम सोचते हूं, आप छोटा सा झुण्ड वहां जो कि इतने ईमानदार हैं और सभा करने के लिए आप सब कुछ करते है, यह दर्शाने का यत्न करने के लिए कि आपका ह्रदय सच्चा है और आप उन्हें भी ठीक करना चाहते हैं, आप सोचते हैं कि आपका समय कठिन है। परन्तु, स्मरण रखें, परमेश्वर की दृष्टी आप पर है! आप उससे प्रेम करते हैं, मैं जानता हूं कि आप उससे प्रेम करते हैं, नहीं तो आप यहां नहीं बैठते, आप ऐसी चीज के लिए उपस्थित नहीं होते। परमेश्वर की दृष्टि आप के ऊपर है। जी हाँ!

109 और जब उसने किया, उसका पति मर गया था, उसकी संस्था मर गयी, इसलिए अब वह भविष्यवक्ता का वचन को सुनने के लिए तैयार है। इसलिए जब भविष्यवक्ता फाटक पर आया और उससे थोड़ा पानी मांगा, वह इसे लेने को गई। तब उसने कहा, "मेरे लिए एक रोटी का टुकड़ा ले आ।"

110 और वह घुमी और बोली, "यहोवा की जीविता है, मेरे पास कुछ नहीं है परन्तु थोड़ा सा।"

111 अब, यह ऐसा प्रतित होता है कि उसे इसलिए भेजा गया था कि उसके पास जो थोड़ा सा है उसे ले ले, परन्तु यह उल्टा था। जब वह इस बात की इच्छा रखती थी कि उसके पास जो है वचन के समर्थन के लिए दे दे, परमेश्वर ने उसे खिलाया। और यदि आप चाहते है कि जो आत्मा आपके पास है उसे दे दे, जो आत्मा परमेश्वर ने आपको वचन के समर्थन के लिए दी है, तो परमेश्वर आपको जीवित रखेगा। हाल्लेलुय्या! ओह, परमेश्वर की महिमा हो! क्या आप इसे देखते हैं, कलीसिया? यह मत सोचिए कि मैं अपने आपे से बाहर हूं, मैं नहीं हूं। परन्तु आपको क्या मिला, आप कितना छोटा परमेश्वर में विश्वास करते हैं, आपके पास क्या विश्वास है, इसे वचन पर रखिए, ना कि संस्था पर! इसे परमेश्वर के वचन में रखिए, वह आपको जीवित रखेगा।

112 तब वह तैयार थी, क्योंकि इसके पहले वह नहीं कर सकती थी, क्योंकि वे उसे नहीं करने देते। परंतु अब वह तैयार है। क्या वह इसे स्वीकार करेगी?

परमेश्वर ने उसके मार्ग में एक भविष्यव्यक्ता को भेजा। क्या वह उसका वचन स्वीकार करेगी? क्या वह इस भविष्यव्यक्ता को स्वीकार करेगी? हाँ, उसने किया। और उसने उसे बताया, कहा, "अब, जो भी छोटा जीवन तेरे पास है, उसे यहां रख दे, उसे पहले मेरे पास ले आ।" और क्या हुआ? जबकि बाकी संसार दुःख में जीवन बिता रहा था और भूख से मर रहा था, वह और उसके बालक और उसके घर के लोग हर दिन तीन बार अच्छा खाना खाते, वचन का दिव्य प्रकाशन। मित्र, मैं आशा करता हूं कि आप इसे देखते है।

113 क्या हुआ? वह वहां तब तक रुका रहा जब तक अकाल समाप्त नहीं हो गया, इस स्त्री के संग रहा (इस कलीसिया) जिसने उसे स्वीकार किया और उसके वचन का विश्वास किया। और उसने उस महिला को जीवित रखा (कलीसिया को जीवित रखा) प्रभु के वचन के द्वारा, क्योंकि उसने कहा, "**यहोवा यों कहता है**।"

114 अब, हमारे पास बाकी कहानी को लेने का समय नहीं है, आप जानते हैं, कैसे वह बाल के पास शक्ति प्रदर्शन के लिए आना था। वह इसे करेगा, इन दिनों में से किसी दिन, आप चिंता ना करें। जब वह जंगल में से कदम मारता हुआ बाहर आया, आप ध्यान दे कि क्या घटित हुआ।

115 क्या घटित हुआ? जब भला, बुढा एलिय्याह, वह भविष्यवक्ता, परमेश्वर का एक सच्चा दास, अपने मार्ग के अंत में आया, परमेश्वर ने उसे बताया, एक दिन, कहा, "एलिय्याह, तूने काफी लम्बे समय प्रचार किया है। तू ईजाबेल से लड़ा और उसके सारे रंग और सब कुछ जब तक तू ने बहुतायत से ना किया।" कहा, "यर्दन पर आ जा!" और यहाँ वह जाता है, यर्दन पर जाता है। वहां पुरानी कीचड़ वाली धारा सामने से नीचे आ रही है, ठंडी, बर्फ का पानी, जैसे कि हर व्यक्ति को सामना करना है: यर्दन, मृत्यु।

116 परन्तु जब परमेश्वर का यह महान दास यर्दन पर आया, और उसका पुत्र साथ–साथ चल रहा था, सुसमाचार का पुत्र,... ओह, हाँ, वह उसका पुत्र था, "मेरे पिता, मेरे पिता, इस्राएल के रथ, और सवारों।" जब वह और उसका पिता हाथ में हाथ डाले यर्दन तक गए, वह अपने पिता को देख रहा था जो उस प्रात: छोड़ गया।

117 जब वह यर्दन पर पहुंचा, उसने आगे बढ़ कर उसके कंधों से उतरा हुआ

सामर्थ का कपड़ा ले लिया, कहा, “मृत्यु, तू मेरा कुछ नहीं कर सकती।” और उसने यर्दन पर मारा, “दूर हट, इस प्रात: मैं पार हो रहा हूं।” क्या घटित हुआ? वह पीछे हट गयी और पाऊडर के समान सूख गई। बूढ़ा भविष्यवक्ता क्या कर रहा था? वह यर्दन के पार देख रहा था, वह जानता था कि एक रथ वहां उसकी प्रतीक्षा कर रहा है घोड़ों के साथ। वह घर जा रहा है, उसका कार्य पूरा हो गया था। सुसमाचार में उसका पुत्र उसका स्थान ले रहा था।

118 उस दिन पश्चिम से मैं घर आ रहा था। यह मेरे मस्तिष्क में आया। मैंने रेडियो चलाया (मुझे तीन दिन मोटरगाड़ी चलानी थी, चौबीस सौ मील, स्वयं ही)। मैंने रेडियो चलाया और मैं... डेल रियो, टेक्सास से आत्मिक सुन रहा था। वहां एक व्यक्ति था जो बूढ़े, काले, नीग्रो के विषय में बात कर रहा था। वह मरने पर था और उसे नदी के किनारे आना था, उसने कहा, “वह सुनहरे चप्पलें जो मैं पहनने जा रहा हूं, ताकि सुनहरी सड़कों पर चलूं।” इस बूढ़े नीग्रो ने अपने सारे जीवन प्रचार किया था और वह केवल विश्राम के विषय में सोच सकता था, जो उसके पास था उसका पुराना बैंजो दीवार पर लटका था। वह कपास के गठ्ठरो पर बैठा और स्तुती के गीतों को बजाया, अपनी सेवकाई से विश्राम किया, उस पुराने बैंजो के साथ। उसके विश्राम करने की यही विधी थी। उसने कहा वह पुराना दुमकटा घोडा जिसे वह चलाया करता था वहां उस घोड़े की गाड़ी के साथ होगा। मैं उनके विषय में सोच रहा था। उसने कहा, “वे सुनहरी चप्पलें जो मैं पहनने जा रहा हूं, कि सुनहरी गलियों में चलूं।”

119 और जब वह गाने को गा चुका, मैंने रेडियो बंद कर दिया। और स्टेरिग को पकड़े हुए, वहां जा रहा था। “ओह, यह ठीक बात है। मुझे वहां भी जाना था। मुझे किस चीज़ से कभी विश्राम मिला है? मैं जंगल में कहाँ पर विश्राम को पाता हूं? ” मेरे पास एक छोटी, पुरानी बंदूक थी जो कि कहलाती है... मैं वर्ष की शरद ऋतु में उससे शिकार खेलता हूं। यह एक .270, मॉडल 721, रेमिंगटन की बंदूक है। एक व्यक्ति, भाई ने, वर्षो पहले मुझे कैलिफोर्निया में दी थी। मैंने उससे वर्षों और वर्षों शिकार खेला है। कैसे... यह कितना आरामदायक था, क्योंकि मैं—मैं जानता हूं यह अच्छी गोली चलाने वाली बंदूक है, जंगल में यह मेरा विश्राम है।

120 तब मैंने अपने दर्शन के विषय में सोचा। जब मैं वहां पहुंचा और अपने

सारे लोगों को देखा, मैंने किसी चीज को हिनहिनाते सुना, और मेरा छोटा प्रिंस आता है (मेरा छोटा काठी वाला घोडा) और अपना मुंह मेरे कंधे पर रखा। मैंने सोचा, "हां, किसी एक प्रात: मैं भी यर्दन पर आ रहा हूं।" और पुरानी .270 जिसे मैं प्रयोग करता था... दीवार पर लटकी है। पिछले ऋतु से पहले यह मेरे पास नहीं थी। "वह काठी वाला छोटा घोडा जिस पर मैं सवारी किया करता था, परमेश्वर उसे मेरे रथ में जोतेगा, उस प्रात: जब मैं वहां नदी पर पहुंचता हूं।" यह वहां नदी के पार खड़ा हुआ होगा। परमेश्वर उसे भेजेगा, मैंने उस एक रात उसे देखा था। वह उसे किसी एक प्रात: मेरे रथ में जोतेगा। मैं चला जाऊंगा, बादलों में से होकर, ऊपर चढ़ते हुए।

आइए हम प्रार्थना करें।

121 ओह, परमेश्वर की उस सामर्थ को जिसका मैं आनंद लेने जा रहा हूं जब मैं उन सुनहरी गलियों में चलुंगा! हाँ, वहां वह पुरानी बंदूक जो अब दीवार पर लटकी हुई है, तब उसका कोई इस्तेमाल नहीं होगा। मैं सोचता हूं, यदि मेरा रथ आता है, यदि मेरा काठी वाला छोटा घोडा जिसे मैंने दर्शन में देखा है, मेरे रथ में जुतेगा, उस प्रात:, वहां उस नदी पर खड़ा होगा। मुझे आशा है वो खड़ा होगा। मैं उठाया जाना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि कलीसिया भी ऐसे ही उठाई जाये, मैं आप में से प्रत्येक को चाहता हूं।

122 क्या आप जानना चाहते है कि आप कब यर्दन पर आ रहे हैं? क्या आप इस संसार के अभक्ति तंत्र को छोड़ देंगे और यीशु मसीह को अपना बचाने वाला स्वीकार करेंगे? यदि आप एक मसीही नहीं हैं, तो क्या आप अपना हाथ उठाकर और कहेंगे, "भाई ब्रन्हम, मेरे लिए प्रार्थना करें। जब मैं यर्दन पर आता हूं,... "? परमेश्वर आपको आशीष दे। परमेश्वर आपको आशीष दे। "जब मैं यर्दन के पास आता हूं, मैं अपने पर पवित्र आत्मा की सामर्थ चाहता हूं और उन ठंडे पानियों पर प्रहार, और चल कर पार।"

123 आप कैसे पवित्र आत्मा के अभिषेक की ऐसी बातों के तले बैठ सकते है, और यह जानते हुए कि पवित्र आत्मा मुझे आपकी स्थिति बताता है, और आप हाथ उठाने में असमर्थ है? यह ये दर्शाता है कि यह समय जंगल की यात्रा का है! इससे पहले हम प्रार्थना करे क्या कोई एक होगा, एक और? वहां दो ने अपने हाथ उठाये है; तीन, पुत्र, परमेश्वर तुम्हे आशीष दे।

124 हमारे स्वर्गीय पिता! तीन; प्रभु, यह बहुत शानदार होगा, यदि वे—

वे उस दिन वे वहां होंगे। मैं प्रार्थना करता हूं कि वे होगे, प्रभु। उन्होंने अपने हाथ उठाये है क्योंकि वे सहमत हो गए कि यह सांसारिक तंत्र मर रहे हैं, और परमेश्वर के वचन की आवाजें जल्द ही इसे पाना कठिन बात हो जाएगी, परमेश्वर इसे कलीसिया से ले लेगा। वह चिल्लाहट, दूल्हे की पुकार जल्द ही चली जाएगी और ईजाबेल का तंत्र प्रवाह में आ जाएगा। लेकिन वे चाहते हैं... छिपे हुए सोते से जीते है जैसे एलिय्याह अकाल के समय में से होते हुए सुरक्षित रखा गया। परमेश्वर, अब इन्हें पवित्र आत्मा दे, इनके हृदयो को आनंद और शांति से भर दे, और इनके मस्तिष्क को परमेश्वर के वचन पर रख ताकि ये अब और बाद में जीये, सदा तक। इन्हें आशीषित करे, पिता। ये यीशु मसीह हमारे प्रभु के द्वारा, वे आपके हैं।

अपने झुके हुए सिरों के साथ:

125 वे जिन्होंने अपने हाथों को उठाया है और मसीह को स्वीकार करना चाहते हैं, क्या आप अपने पैरो पर खड़े होंगे एक क्षण के लिए, जबकि मैं आप लोगों के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रार्थना करता हूं? केवल अपने पैरों पर खड़े हो जाये।

126 ओह परमेश्वर, क्या मैं असफल हो गया? यहां तक कि तीन जिन्होंने अपने हाथो को उठाया है, बिना दोष सिद्ध के अपने पैरों पर खड़े हो गए कि उन बातों को स्वीकार किया जो वे करते है। प्रभु यीशु, मैं यह सब आपके हाथों में समर्पित करता हूं। मैंने आपके वचन को प्रचारा है, और कोई समझौता नहीं किया है। अब पिता, मैं—मैं इनके लिए घर छोड़ता हूं। आप वही करें जो भी कलीसिया और तेरे दास दोनों के लिए उपयुक्त हो, ये सब तेरे हाथों में है।

127 पिता, मैं प्रार्थना करता हूं कि आप खोए हुओं को बचायेंगे, भूखे हृदयो को भली वस्तुओं से तृप्त कर दे, जो प्यासे हैं उन्हें अनंत जीवन दें, संदेश की घोषणा के लिए अपने दासो को उठा, बीमारों और अपहिजो को चंगाई दे, और अपने लिए महिमा ले, क्योंकि मैं स्वयं को आपके वचन के साथ समर्पित करता हूं। और मेरे हाथ पर, और मेरे हृदय में, और मेरे मस्तिष्क में, अपनी व्यवस्था को यीशु मसीह हमारे प्रभु के द्वारा लिख। आमीन।

दिन के अंत में मैं जब नदी पर आता हूं,  
मैं वह नहीं गाना चाहूंगा।  
और ऐसा प्रतीत होता है जैसे मेरे सारे मित्र चले गए;

वहां कोई प्रतीक्षा करता होगा जो मुझे मार्ग दिखाएगा,
मुझे यर्दन को अकेले पार नहीं करना है।

128 बिल, तुमने प्रार्थना पत्र दे दिए? मुझे भारी अनुभव हो रहा है। आज तुमने क्या दिया होगा? बी? तुमने ए भी दिया होगा, क्या तुमने नहीं दिया? ठीक है, बी वालो को पहले बुलाओ, एक से... प्रार्थना पत्र बी, नंबर एक। हम आपकी बीमारी के लिए प्रार्थना करने जा रहे हैं। बी, नंबर एक, ये किसके पास है? प्रार्थना कार्ड बी, नंबर एक, कोई वहां पीछे। महिला, यहाँ आ जाए। बी, नंबर दो, अपना हाथ उठाये। वह महिला? नंबर तीन। बी, नंबर तीन, कृपया आप अपना हाथ उठायेंगे, ताकि मैं देख सकूं कहां। तीन? नंबर चार, बी, नंबर चार। बी, नंबर पांच। कृपया अपना हाथ उठाएंगे? बी, नंबर पांच। वह व्यक्ति? ठीक है, छह, सात, आठ, नौ, दस, ग्यारह, बारह, तेरह, चौदह, पंद्रह। अच्छा, यहाँ, सारे बी यहां पर खड़े हो जाये। जो भी है...

फिर... [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]... ये सब पूरे हो जायेंगे, कार्यक्षेत्र में हर एक मिशनरी, जहां भी वे हो सकते है।

129 सारे बी प्रार्थना पत्र के खडे हो जाये और अपने नम्बरो के अनुसार अपना स्थान ले ले।

अब, अगला वाला क्या है? ए? किसके पास प्रार्थना कार्ड ए है, एक? ए, एक, यह कहाँ पर है? निश्चय ही यहाँ है। ए, एक? उन्हें दो दिनों के लिए दिए गए है, या तीन अब, इसलिए हो सकता है वे यहां नहीं हो। सब प्रार्थना पत्र ए के साथ, अब आप लोग यहां पंक्ति बना ले। वहां दीवार के साथ–साथ जाये, भक्तीभाव में।

130 मैं आपसे बिना प्रार्थना पत्रों के बात करना चाहता हूं, एक इसके पहले कि पंक्ति आरंभ होने से बस एक मिनट पहले।

131 अब, अपने प्रार्थना पत्रो के साथ, इसे अपने हाथों में पकड़े रहे ताकि लड़के आपके प्रार्थना पत्र ले सके। आप लोग प्रतीक्षा कर रहे थे, आप लोग सांझ को जल्दी आए कि अपने प्रार्थना पत्र ले सके, और पंक्ति में आने का अधिकार प्राप्त किया। मैंने आपसे प्रतिज्ञा की है, कि मैं आप लोगो के लिए प्रार्थना करूंगा। अब मैं अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने का यत्न करूंगा, परमेश्वर मेरी सहायता करे।

132 ये आपका छोटा लड़का है? बहुत ही प्यारा छोटा व्यक्ति। कृपया मुझे क्षमा करें। ये महिला यहां एक अच्छे प्रकार की अमरीकन है। उसका छोटा लड़का, सबसे छोटा चौग़ा और धारीवाली जैकेट। युवा महिला लंबे बालों के साथ, भली वेषभूषा। परमेश्वर उसे और उसके घराने को आशीष दे, और उसके पति को, उसके प्रियजनों को। यह वास्तविक मूल संयुक्त राज्य अमेरिकन है, "मसीहत" के साथ इसके ऊपर लिखा है। हमारा राष्ट्र ऐसा ही बना रहे! छोटी महिला मुझे ऐसा कहने के लिए क्षमा करें, परन्तु मैं बस... ताकि लोग देख सके कि मैं क्या सोचता हूं कि मसीही कैसे दिखाई पड़ते है; कोई नख प्रसाधन नहीं, क्या चीज है, बस एक महिला।

133 भाई सुलिवन, परमेश्वर आपको आशीष दे।

134 वह *महान वैद्य*, यदि आप चाहे।

> महान वैद्य अब यहां है,
> सहानुभूति वाला यीशु;

135 क्या आप उसमें विश्वास करती हैं? क्या आप विश्वास करती हैं कि वह महान वैद्य है? अब बस एक क्षण भक्तिभाव में रहे। हमारे पास अभी थोड़ा समय है, मैंने संदेश को थोड़ा छोटा किया है। मैं आशा करता हूं कि आप समझ गए है, कि, मेरा क्या अर्थ है। बस अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करें। जब वे सब पंक्तिबद्ध हो गए, पीछे कोई तो लोगों की पंक्ती बनाने को है। ठीक है? क्या कहते है? अब सब जिनके पास प्रार्थना पत्र है खड़े है।

136 क्या आप भी विश्वास करते हैं बिना प्रार्थना पत्र वाले? यदि आप विश्वास करेंगे, तो परमेश्वर *आपको* पुकारेगा। अब, सारे प्रार्थना पत्र वाले पंक्ति में है।

137 छोटी लड़की वहां पीछे खराब पैर के साथ बैठी है, यहां उस पर... क्या आप विश्वास करती हैं कि परमेश्वर आपको चंगा कर देगा? यदि आप करती हैं, तो बस विश्वास करे और परमेश्वर इसे आपके लिए प्रदान करेगा।

138 सोचती है कि आपके बीमार पिता ठीक हो जायेंगे? आप विश्वास करती हैं, आप इसे पा सकते है।

139 वहां के विषय में आपका क्या है, अपने भतीजे के लिए प्रार्थना कर रही है, जो अधीरता की स्थिति में है? आप सोचते हैं कि परमेश्वर उसे चंगा

कर देगा? महिला, जो वहां बाहर बैठी है, यदि आप इसका विश्वास करे, तो आप इसे पा सकती हैं।

140 आप सब विश्वास करने जा रहे हैं?

141 अब मैं चाहता हूं... मेरे कितने भाई यहां पर हैं, सुसमाचार प्रचारक, पूर्ण–सुसमाचार प्रचारक या वे जो भी हैं, जो दिव्य चंगाई में विश्वास करते है? अपने हाथों को उठाये। मैं चाहूंगा कि आप लोग यहां आकर लोगों के लिए प्रार्थना करने में मेरी सहायता करें, ताकि लोग देखे कि यह केवल मैं ही नहीं हूं जो लोगों के लिए प्रार्थना करता हूं, आप भी कर सकते हैं। यहां आए और मेरे साथ मंच पर खड़े हो। क्या आप आएंगे, भाइयों, आप सेवकगण? सीधे यहां आकर और आकर मंच पर खड़े हो जाये। यह अच्छा है। धन्यवाद, भाइयों। धन्यवाद। आगे आये, भाइयों, आईये।

142 क्या कहा? [कोई कहता है, "क्या हम यहां दोहरी पंक्ति बना ले?"—सम्पा।] हां, आप कर सकते हैं। ठीक यहाँ दो पंक्तियां बना ले, अच्छा रहेगा। यह अच्छा है। अब भाई, इसे दूसरी ओर घुमा दे। इस ओर घुमा दे, मैं लोगों को सीधा इधर से लाना चाह रहा हूं। अब आप में से कुछ मेरे इस ओर आ जाए, ठीक यहां यदि आप चाहे तो इस ओर खड़े हो जाएं। यही है।

143 अब, भक्तमण्डली, आप इन भले मनुष्यों को देखते हैं? ये लोग जो यहां खड़े होंगे, और इसी सुसमाचार के लिए जो प्रचार कर रहा हूं खड़े होगे। समझे? वे यहां आते हैं क्योंकि वे इसमें विश्वास करते हैं। अब आपको अपने पास्टर पर गर्व होना चाहिए जो स्वयं को यहां मंच पर दिखाएगा, कठोर, जोरदार प्रचार करते हुए। ये वे लोग हैं जिनके पास एक प्रकाशन है, जो ये जानता हैं... मैं व्यक्ति के विरोध में नहीं हूं, कभी–कभी हम तंत्र में फंस जाते हैं जो कि हमें ऐसा बना देते है... वे तो तंत्र है जिनके हम विरोध में है; ना कि मनुष्य के, जो परमेश्वर का दास है।

144 अब, यदि हमारे पास प्रत्येक को परखने के लिए हो, आप क्या सोचते हैं मैं कितनी देर यहां रह पाऊंगा? मैं मुर्छित हो जाऊंगा जब मैं... लगभग छह, पांच या छह, दस के बाद; थोड़े और, सम्भव है आधे, एक चौथाई पंक्ती के बाद, मैं थक जाऊंगा, बाकी उनके लिए प्रार्थना नहीं हो पाएगी। हम ये नहीं कर सकते। और जैसा कि यह... परन्तु आपको यही नहीं चाहिए। आप जानते हैं कि आपकी परेशानी क्या है। आप जानते हैं कि आपने क्या किया है, अब अपने पापों को स्वीकार कर ले। यदि आप में से कोई यहां है

जिसके ह्रदय में जरा सा संदेह भी है, उसे अभी निकाल दे और परमेश्वर से कहे कि आपको क्षमा कर दे। यदि आप परमेश्वर के साथ ठीक नहीं हैं, परमेश्वर से कहें कि आपको क्षमा करें। यदि आप नहीं करते हैं, और आप परमेश्वर के साथ ठीक नहीं हैं, तो यहां पर आपके लिए आना थोड़ा भी भला नहीं करेगा। आप अपना समय नष्ट कर रहे हैं। यह सत्य है। अब, भाइयों, यह ठीक बात है? यह ठीक बात है।

145 इधर देखिए। यहां भाई किड खड़े हैं। मैं लगभग दो वर्ष पहले उन्हें पाने के लिए अपने टायर फाड़ देना चाहता था, कि... वे कैंसर से मर रहे थे, उस दिन वे मरने वाले थे। उसकी पत्नी ने मुझे से कहा, "जल्दी करिए!" कहा, "वह अब मर रहे है।" जब मैं वहां पहुंचा, प्रभु ने उसे चंगा कर दिया। और यहाँ वह अब भी खड़े है। और मैं सोचता हूं उनका वजन भी *बहुत बढ़* गया है और इत्यादि। एक पुराना अनुभवी व्यक्ति, पहले के, आप जानते हैं। इस प्रकार का मनुष्य था जिसके विषय में मैं वर्षों पहले बात कर रहा था, वर्षो पहले, जो प्रचार किया; और ठीक उस वचन पर रखा, और लोग उस पर हंसे। और वह और उसकी पत्नी रेल की पटरियों और अन्य सभी चीजों पर चलते हुए, और पहाड़ों की चोटी पर, और कोयले की खदानो, और भागती, और जेल में डाला गया, और हर एक चीज। यह वह मनुष्य है जो ईनाम जीतने के लिए लड़ा, इस प्रकार के।

146 अब, भाइयों, मैं आपसे कहता हूं, संभव है आपके पास परखने वाली आत्मा ना हो। उसे होना ही है, देखिए, यह—यह अवश्य नहीं है। पहली चीज, अब बात के पक्के व्यक्ति है। आप अधिक अच्छे प्रचारक है, मुझसे अच्छे, क्योंकि मैं—मैं कोई बहुत अच्छा प्रचारक नहीं हूं। परन्तु मैं... परन्तु आप—आप अभिषिक्त हैं, कोई भी मनुष्य जिसे सुसमाचार प्रचार के बुलाया गया है, बीमारों को चंगा करने के लिए बुलाया है; सामान्य आज्ञा है: "सारे संसार में जाओ और हर प्राणी को सुसमाचार प्रचार करो। वह जो विश्वास करता है और बपतिस्मा लेता है बच जाएगा। जो विश्वास करेंगे उनके ये चिन्ह होंगे। यदि वे बीमारों आदि पर हाथ रखेंगे," इत्यादि, "वे चंगे हो जायेंगे।" यदि आपको सेवकाई के लिए बुलाया गया है, तो आपको बीमारों के लिए प्रार्थना करने के लिए बुलाया गया है।

147 और कारण जो मैं यह श्रोतागण से करता हूं... ताकि वे देख सके कि उन्हें किसी विशेष व्यक्ति के लिए प्रतीक्षा नहीं करनी है, ओरल रॉबर्ट्स,

टॉमी हिक्स, टॉमी ओसबोर्न, मैं, कोई जो चंगाई सभा के लिए आता है। मैं चाहता हूं कि वे देखे कि आप परमेश्वर के जन है। समझे? आप एक मनुष्य है... वैसे ही किसी पर हाथ रखने का अधिकार है जैसे—जैसे मेरा या कोई और। भाइयों, अंतत आप सब सेवक यह जानते हैं, ये उनका अपना विश्वास परमेश्वर में है जो कार्य करता है। क्या यह ठीक बात है? हम केवल उनके लिए प्रार्थना करते हैं।

148 अब आप कहते हैं, "भाई ब्रन्हम, क्या आत्मा याने पवित्र आत्मा वहां आपके साथ है? " निश्चय ही। जी हां, श्रीमान!

149 अब आपके लिए मण्ड–... , वहां पंक्ति में यदि आप सम्पूर्ण ह्लदय से विश्वास करते हैं कि परमेश्वर आपको चंगा करने जा रहा है, अपना हाथ उठाये, कहे, "मैं इसे स्वीकार करता हूं।"

150 अब, यहाँ आये, यह—यह महिला यहाँ आये। मैं आपको नहीं जानता, मैंने आपको कभी नहीं देखा। यदि पवित्र आत्मा मुझे बताएगा, इसी प्रकार मेरे भाई लोग यहां है, इस प्रकार की उपस्थिति में, इसलिए ये सब यहां मेरे चारों ओर खड़े हैं। और ना ही केवल यह कि मेरे भाई और मेरा प्रभु यहां है। यह उनका भी प्रभु है। अब, यदि वह मुझे यह बताए कि आपके साथ कुछ गडबड है, आपके साथ जो भी गडबडी है, आप जान जायेंगे कि यह सत्य है या नहीं। मैं उन्हें चाहता हूं, मैं श्रोतागण को चाहता हूं, मैं चाहता हूं कि लोग देखें कि पवित्र आत्मा यहां मंच पर आत्मा की परख देता है, परन्तु यह किसी को चंगा नहीं करता। परन्तु यदि वह मुझे आपके विषय में कुछ बताए, जो कि आप जानते हैं कि मैं इस विषय में नहीं जानता, जैसे कि वह स्त्री जो कुएं पर थी... बिल्कुल वैसा ही मामला नहीं, परन्तु मेरा अर्थ एक मनुष्य और महिला पहली बार मिल रहे हैं। यीशु, अधेड़ मनुष्य के समान था, और ये स्त्री सम्भवत: एक युवती थी, सम्भव है आपके समान।

151 और यदि वह करेगा, तो मुझे बता सकता है कि आप यहां किस के लिए हैं, आपकी परेशानी, क्या आप विश्वास करेंगे कि ये उसी का ही आत्मा होगा जो यह करेगा? भाईयो क्या आप यह विश्वास करेंगे? कि वही प्रभु यीशु यहां पर खड़ा हुआ है? आप श्रोतागण यही विश्वास करते हैं? क्या आप जो प्रार्थना पंक्ति में है इसी बात का विश्वास करते है, और जानते हैं कि ये मनुष्य... ? क्या मैं उन्हें यहां बुलाऊंगा यदि मैं सोचता कि वे नहीं थे... ? इस तरह से प्रचार करने के बाद, और जो बातें मैंने

कही हैं, और फिर उन लोगों को यहां बुलाता जो इसके योग्य नहीं थे? मैं यह नहीं करूंगा। मैं उसी बात को नीचा कर दूंगा जिसके लिए मैं लड़ रहा था। समझे? मैं उन में विश्वास करता हूं। मैं विश्वास करता हूं कि ये लोग परमेश्वर के जन हैं।

152 अब देखिए यदि पवित्र आत्मा पास में खड़ा होता है। केवल आपसे बात करने को, मैं यत्न कर रहा हूं... आप कहते हैं, "आप क्या कर रहे हैं, भाई ब्रन्हम?" वही चीज जो यीशु ने उस स्त्री के साथ किया, कहा, "मुझे पाने को पानी दे," वह केवल उस स्त्री से एक मिनट बात करने का यत्न कर रहा था, उसकी परेशानी क्या थी।

153 यदि आपकी परेशानी अधीरता है, आप इसी से परेशान है। यदि यह ठीक है, तो अपना हाथ उठाये। अब, निश्चय ही यह इसे नहीं देखती है, भाईयो, क्या ये है? वह नहीं है, परन्तु उसकी परेशानी यही है। वह इस स्थिति में लंबे समय से है। सदा अपनी रूकावटो को उनके आने से पहले पार कर लेती है, और आदि–आदि। यह सत्य है। यही आपका होना, इस प्रकार से आपको अधीर बना देता है; सदा कल्पना करती है कि कुछ घटित होने को है, यह नहीं होता। कभी–कभी शैतान आपको बताता है, "इससे कुछ नहीं, बस आप पिछड़ गए है, तुमने वह रेखा पार कर दी है।" मैं आपके मस्तिष्क नहीं पढ़ रहा हूं, परन्तु मैं पढ़ रहा हूं जो... मैं जान रहा हूं कि उसने आपसे क्या बात की है, क्योंकि मैं देखता हूं आपके मस्तिष्क पर क्या बीता।

154 अब, यीशु उनके विचारों को जान गया। क्या यह ठीक है? अच्छा, यही है जो घटित हुआ अभी–अभी। क्या यह ठीक है? यहां, मैं आपको कुछ बताऊं, ताकि आप जान सके। यहां आप वास्तव में किसी और के लिए खड़ी हैं। यह ठीक बात है। यही बात है, आप देखिए, आप इसे तब तक नहीं पकड़ सकते। अब, यदि प्रभु मुझ पर प्रगट करेगा कि आप यहां किस लिए खड़ी हैं, किसी और के लिए, क्या मेरा विश्वास करेगी कि मैं उसका भविष्यव्यक्ता हूं? यह आपकी मां के लिए है। आप विश्वास करती हैं परमेश्वर मुझे बता सकता है कि आपकी परेशानी क्या है? तो ठीक है, उन्हें हृदय रोग है, उच्च रक्तचाप, पित्त में पथरी, गडबडियां। यह ठीक बात है, क्या ऐसा नही है? समझे? अब, यह पवित्र आत्मा है, क्या नहीं है?

155 अब, यहाँ मुझ पर कुछ है और इन भाइयों पर। समझे? अब यहाँ कुछ

है, पवित्र आत्मा। अब, आप विश्वास करते हैं; आप, जबकि हम पंक्ति से गुजरते हैं।

आइए हम सब अपने सिरों को झुकाये, जबकि हम इन लोगों के लिए प्रार्थना करते हैं।

156 अब, स्वर्गीय पिता, हम अपने हाथ इन लोगों पर रखने जा रहे हैं। और अब मैं इनके लिए प्रार्थना कर रहा हूं। यहां आपका राजकिय दास खड़ा हुआ हैं, और हम सब बीमारों पर हाथ रखने जा रहे हैं, क्योंकि आपने ये करने को कहा है। हम इसे यीशु मसीह के नाम में करने जा रहे हैं। होने पाए लोग केवल यहां से निकले ही नही, परन्तु होने पाए वे यीशु मसीह के नाम में चंगे होते हुए निकले। आमीन!

157 प्रभु आपको आशीष दे। अब समीप आ जाए।

प्रभु यीशु के नाम में, चंगे हो… प्रभु यीशु के नाम में, मेरे भाई को चंगा करे। प्रभु यीशु के नाम में, मेरी बहन को चंगा करे।

158 अब, बस—बस एक मिनट! देखिए! भाईयों और बहनों, क्यों यह आपका आनन्द हैं, जब वह महिला, जब विचारों का परखना हुआ, और जब दूसरे निकले तो कुछ भी नहीं हुआ? लोग होकर निकले, "देखिए, यदि मैं नहीं हूं, विचारो को परखा, तो ठीक है, तो फिर मुझे कुछ नहीं मिला।" उसका इससे कोई भी लेना–देना नहीं है, वह यहां वैसा ही है। समझे?

159 जब आप यहां से निकलते हैं, तो अपने हाथों को ऊपर करके आए, कहते हुए, "धन्यवाद, प्रभु यीशु। मैं आपको अपना चंगाकर्ता स्वीकार करता हूं, और मैं इसी के साथ जा रहा हूं। इन में से एक व्यक्ति मुझे बपतिस्मा देने जा रहा है, मैं सीधा पानी के तालाब में जा रहा हूं और बपतिस्मा पाने, और बाहर निकल कर और जानते हुए कि आपने प्रतिज्ञा की है कि मैं पवित्र आत्मा प्राप्त करूंगा।"

160 इसे देखिए, यह… विचारो का परखना अब भी यहाँ पर है। यह यहाँ अब भी वैसा ही है… यहाँ, तो यह है? यह व्यक्ति यहाँ है? मैं आपके लिए अपरिचित हूं। क्या मैं हूं, श्रीमान? मैं आपको नहीं जानता। क्या… यदि परमेश्वर मुझे बताएगा कि आपकी क्या परेशानी है, तो क्या आप मेरा विश्वास करेंगे कि मैं उसका भविष्यवक्ता हूं, उसका दास? आप अपने पूरे ह्रदय से करेंगे? ठीक है, श्रीमान। धन्यवाद, श्रीमान। यह एक बहुत ही अच्छी आत्मा है, एक बहुत ही अच्छी चीज है। इस सब के बाद, आप यहां

किसी और के लिए खड़े हैं। यह ठीक बात है। “यह आपका पोता है, जिसे पोलियो है, उस दिन गिर पड़ा और अपना पैर तोड़ लिया,” यह **यहोवा यों कहता है,** है! क्या यह ठीक बात है? यह ठीक बात है! जाईए और अब विश्वास करे, और वह चंगा हो जाएगा।

161 अब, हर कोई विश्वास करता हुआ आये, बस आ जाये। [प्रार्थना की पंक्ति तीन मिनट अड़तीस सेकंड तक चलती है, भाई ब्रन्हम के बहुत से शब्द साफ़ समझ में नहीं आते है—सम्पा।]... ? ...

धन्य है वह बंधन जो बांधता है
हमारे ह्रदयो को मसीही प्रेम में;
समान विचारो की एक संगति
यह ऊपर के समान है।

यहाँ हमारे पिता के सिंहासन के सामने,
हम अपनी प्रबल प्रार्थना को उण्डेलते है;
हमारे भय, हमारी आशाएं, हमारे उद्देश्य एक है,
हमारे ढाढ़स और हमारा चिंतक।

162 हम परमेश्वर के छोटे, अपाहिज बालको, अंधे, विकृत के ऊपर खड़े हुए है। सुसमाचार के सेवकों, आप जानते हैं हमारे पास चंगाई की सामर्थ नहीं है। परन्तु हमारा महान प्रभु यीशु मसीह हम जानते है कि वह यहां उपस्थित खड़ा हुआ है और चिन्हों को कर सकता है, और उस शैतान को निकम्मा कर सकता है, जिसने आपको बांध रखा है। हम शैतान को निकम्मा ठहराते हैं... ? ... हम अंधेपने को निकम्मा ठहराते हैं... ? ...

163 परमेश्वर के पुत्र यीशु मसीह के नाम में, हम मांगते हैं कि परमेश्वर उन्हें विश्वास के लिए भरोसा देगा कि विश्वास की प्रार्थना ने बीमार को बचा लिया, और परमेश्वर उन्हें उठा कर खड़ा करेगा, और वे फिर से चंगे हो जाएंगे। सर्वशक्तिमान परमेश्वर, इसे प्रदान करे, यीशु मसीह के नाम में।

164 अब, आप भाई लोग वहां से चले गए... ? ...

165 आप सब बाकी अब प्रार्थना में रहे, जबकि हम... सेवकगण उन लोगो के लिए भी प्रार्थना कर रहे हैं, अब। हम प्रार्थना करते है, और हाथों को रखते है।

166 स्वर्गीय पिता...

आप जो वहां श्रोतागण में है जो प्रार्थना पंक्ति में नहीं आ पाए, अब एक दूसरे पर अपने हाथ रखें। अपने हाथों एक दूसरे पर रखें।

167 हमारे स्वर्गीय पिता, हम इस श्रोतागण को आपके पास ला रहे हैं जैसे कि हम इस सेवकाई और इस अभियान को यीशु मसीह के ध्वज के नीचे, महान अभिषिक्त परमेश्वर का महायाजक, इम्मेनुएल, खड़ा हुआ है, मृतको में से जी उठा हुआ, सदा जीवित रहने वाला कि बिचवाई को करे; उसकी महान उपस्थिति अब हमारे साथ है, उसकी पवित्र सामर्थ हमारे ऊपर है कि हमें दर्शनों को दिखाये, भविष्यवाणी, बीमारों पर हाथ रखना। परमेश्वर का असफल ना होनेवाला वचन उसके पास कभी खाली वापस नहीं आ सकता। मैं बीमारी के हर शैतान को निकम्मा ठहराता हूं, पाप की हर सामर्थ को, हर अविश्वास को, यीशु मसीह के नाम में, और ये लोगों में से बाहर बिखर जाए और होने पाए वे चंगे हो जाए।

168 प्रभु, इन सेवक भाइयों को आशीषित करे, जैसे कि ये लोग एक ह्रदय और एक विचार में एकत्र हुए हैं, और कलीसिया के जन–साधारण लोग। ओह सर्वशक्तिमान परमेश्वर, इस महान मिडलटाउन, ओहियो में, इसके बाद अपनी बेदारी को भेज, प्रभु, जो एक से दूसरी ओर तक छा जाए, और हड्डियां एक साथ आ जाए, प्रभु, और खाल की नसें। और होने पाए परमेश्वर की सामर्थ एक सामर्थी कलीसिया को यहां इस नगर में उठाए जो कि छा जाएगी, और एक आदर्श कलीसिया हो, इस सारे राष्ट्र में, ताकि लोग इस नगर में परमेश्वर की सामर्थ को देखने आए। प्रभु, इसे प्रदान करें। बीमारों और अपाहिजों को चंगा करे, खोए हुओं को बचा ले, और स्वयं के लिए महिमा ले।

169 इसे स्वीकार करें, कि ये सारे रूमाल और छोटे–छोटे पार्सल जो यहां रखे हुए हैं… मैं प्रार्थना करता हूं, प्रभु, कि पवित्र आत्मा हम पर, और इस भवन में हमारा अभिषेक करे, और होने पाए हर एक चंगा हो जाए। बाईबल में ये लिखा है जब इस्राएल अपने कर्तव्य के मार्ग पर था, अपने मार्ग पर प्रतिज्ञा के देश के लिए, तो वह लाल सागर मार्ग में आ गया। और एक लेखक ने कहा, "परमेश्वर ने उस अग्नि स्तंभ में से नीचे देखा और लाल सागर डर कर पीछे हट गया, और इस्राएल प्रतिज्ञा के देश को चला गया जिसकी प्रतिज्ञा दी थी।"

170 और अब, यह बाईबल में है, यह लिखा है, "मैं सब चीजों से ऊपर

रखुंगा ताकि तुम स्वास्थ में फलो–फूलो।" और जब ये रूमाल लोगों के पास पहुंचे, जहां कि शैतान ने उनके समक्ष लाल सागर रखा हुआ है, होने पाए कि परमेश्वर अपने पुत्र यीशु मसीह के लहू में से नीचे देखे, और हर बीमारी को निकम्मा कर दे उनके लिए जो यहां नहीं आ सके; और बीमारी चली जाये और परमेश्वर के वचन से भयभीत हो और परमेश्वर की प्रतिज्ञा और परमेश्वर का अभिषेक, और होने पाए लोग उस अच्छी प्रतिज्ञा के अच्छे स्वास्थ्य और शक्ति में चले जाए। प्रभु इसे प्रदान करें। और हम इस सब को आपके समर्पित करते हैं, आपके प्रेमी पुत्र के नाम में, हमारा बचाने वाला यीशु मसीह। आमीन।

171 श्रोतागण, आपको जो हम सबको जानता है, उसे जिसने हमें उठाया कि इस संसार में उसका वारिसना हक हो, उसकी कलीसिया में, होने पाए परमेश्वर की बहुतायात की आशीषे आप सब पर हो, जब तक हम फिर से ना मिले। हमारी अगली सभा, ज्ञात है, कि आराधनालय में होगी, रविवार प्रातः, ईस्टर रविवार प्रातः। तब मैं जा रहा हूं... यहां से इलिनॉय में जा रहा हूं। आपको आशीष मिले, अपनी कलीसियाओ में उपस्थित रहे, इन अच्छी कलीसियाओ में उपस्थित रहे, अपने ह्रदयो को एक साथ बनाए रखे। परमेश्वर के वचन पर स्थिर रहे! उसके लिए जीये, क्योंकि आपके समक्ष भयानक चीजे है, इसे स्मरण रखें!

172 जब तक हम नही मिलते है, हम खड़े हो और गाए:

मैं उससे प्रेम करता हूं, मैं उससे प्रेम करता हूं
क्योंकि उसने पहले मुझसे प्रेम किया
और मेरे उद्धार को खरीदा
उस कलवरी के पेड़ पर।

173 अब, भक्ती भाव में किसी के साथ जो आपके पीछे है, आपके बराबर में है, हाथ मिलाये।

मैं उससे प्रेम करता हूं...

अब हर कोई।

... मैं उससे प्रेम करता हूं
क्योंकि उसने मुझसे पहले प्रेम किया
और मेरे उद्धार को खरीदा
उस कलवरी के पेड़ पर।

174 अब अपने हाथ परमेश्वर की ओर, अब जोर से, हर कोई इसे गुंजा दे।

मैं उससे प्रेम करता हूं, मैं उससे प्रेम करता हूं
क्योंकि उसने पहले मुझसे प्रेम किया
और मेरे उद्धार को खरीदा
उस कलवरी के पेड़ पर।

175 आइये अब हम अपने सिर को झुकाये।

जब तक हम ना मिले! जब तक हम ना मिले!
जब तक हम यीशु के चरणों पर ना मिले;

स्मरण रखें, हम से बहुत से फिर कभी नहीं मिलेंगे तब तक।

जब तक हम ना मिले! जब तक हम ना मिले!
जब तक हम फिर से ना मिले परमेश्वर आपके साथ हो!

176 अब इसे गुनगुनाये। आपका पास्टर। भाई सुलिवन, जब तक हम ना मिले, मेरे भाई।

61-0319 ईजाबेल का धर्म
नेशनल गार्ड अर्मोरी
मिडिलटाउन, ओहियो यू.एस.ए

HINDI

©2024 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

## सर्वाधिकार सूचना

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस पुस्तक को व्यक्तिगत उपयोग के लिए घर के प्रिंटर पर छापा जा सकता है या यीशु मसीह के सुसमाचार को फैलाने के लिए एक साधन के रूप में निःशुल्क दिया जा सकता है। वॉयस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग्स® की स्पष्ट लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक को बेचा नहीं जा सकता, बड़े पैमाने पर प्रतिलिपि तैयार नहीं किया जा सकता, वेबसाइट पर पोस्ट नहीं किया जा सकता, पुनर्प्राप्ति प्रणाली में संग्रहीत नहीं किया जा सकता, अन्य भाषाओं में अनुवाद नहीं किया जा सकता, या धन मांगने के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

अधिक जानकारी या अन्य उपलब्ध सामग्री के लिए कृपया संपर्क करें:

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org